ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष-34, अंक-147, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 2

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 14

नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

पुलिस ट्रक को उड़ाया

- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान
- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी से किया गया धमाका

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

शैलेंद्र

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

रायपुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

एक नजर

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

नई दिल्ली। धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

सुकमा (बस्तर)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन, नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया था।

नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा : नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार

सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

नवादा। यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को यहां बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। जहां टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने मारपीट किया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुईं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

संसद सत्र आज से, प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति ने शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

● नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री मोदी संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- पीएम मोदी संसद में अपनी कैबिनेट सदस्यों का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

नीट और यूजीसी नेट मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है। ये कानून तब पारित किए गए थे, जब रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया था।

बिधनू में ट्राले से भिड़ंत में पिकअप चालक और क्लीनर जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, विधनू/ कानपुर

अमृत विचार : बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब 20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई। लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था। दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।

● शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा

मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।

● बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार

होलेनरासीपुर (हासन)। कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

बिहार में एक और पुल गिरा तोड़फोड़ की आशंका

मोतिहारी, एजेंसी

बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में निर्माणाधीन पुल ढह गया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के तुरंत बाद ढह गया। यह घटना एक स्पैन की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ढाका में तैनात ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

● ग्रामीणों ने कहा-घटिया सामग्री के इस्तेमाल से ढहा पुल

जुलाई से क्रियाशील होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू

अमृत विचार : आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

हमारे हर खिलाड़ी परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं

एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ

शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

ग्रोस आइलेट। आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।

- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया : मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव

ग्रोस आइलेट, एसेंसी। कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं, उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था।

वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिये लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिये काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी-20 विश्व कप में भी।

खेल डायरी

नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान : पीटी उषा

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

अमेरिका की टीम 115 रन पर ढेर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके।

सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में मार्क वुड की जगह क्रिस जोर्डन को शामिल किया है। अमेरिका ने पिछले मैच में खेलने वाली अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया।

आदिल रशीद

भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी। महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा करके रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की हौसला अफजाई करेंगे। रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ चरण के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आये थे।

उन्होंने कहा कि भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है।

भारत ने किया अफ्रीका का सूपड़ा साफ

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा।

वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले।

अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पूनिया ने इस आउट हो गयी। रिचा घोष ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वोलवार्ट और ब्रिट्स को भारतीय गेंदबाजों के सामने कोई परेशानी नहीं हुई।

स्मृति मंधाना

- मंधाना शतक से चूकी, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाने के बाद भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। वह खाका की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटी। पूनिया ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना शानदार चौके लगाकर तेजी से लगातार तीसरे शतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन म्लाबा (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट को फाइन लेग पर खड़ी पर खाका के हाथों में खेल गयी। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 19) जीत की औपचारिकता पूरी करने वाली थी तभी भारतीय कप्तान रन

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति	61	57	7/0
तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा)	38	66	2/1
मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल	07	20	0/0
एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति	05	09	1/0
सुने लूस बो वस्त्राकर	13	23	1/0
नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति	26	46	2/0
नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष)	16	29	2/0
मेइके डि रिडर नाबाद	26	31	2/0
नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति	00	01	0/0
तुमी सेखुकुने नाबाद	06	18	0/0

अतिरिक्त -17 रन, विकेट पतन : 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

गेंदबाज : श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

भारत 220/4 (40.4ओवर)

	रन	गेंद	4/6
स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा	90	83	11/0
शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने	25	39	4/0
प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका	28	40	3/1
हरमनप्रीत रन आउट	42	48	2/0
जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद	19	31	1/0
रिचा घोष नाबाद	06	03	0/1

अतिरिक्त- 10 रन, विकेट पतन : 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

गेंदबाज : खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

खिलाड़ी	बनाम	वर्ष	रन
स्मृति	द. अफ्रीका	2024	342
जया शर्मा	न्यूजीलैंड	2003	309
मिताली	ऑस्ट्रेलिया	2004	289
मिताली	इंग्लैंड	2010	287
पूनम	द. अफ्रीका	2021	263

ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत

ऑस्ट्रेलिया पर जीत मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

किंग्सटाउन, एजेंसी

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया है वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर अफगानिस्तान, बंगलादेश को हरा देता हैं और भारत, ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच जायेगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी करते हुए पारी की शानदार शुरुआत की। 16वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने रहमानउल्लाह गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमानउल्लाह गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इसके बाद 17वें ओवर में एडम जम्पा ने अजमतउल्लाह उमरजई (2) को आउट कर दूसरी और इसी ओवर की आखिर गेंद पर इब्राहिम जदरान को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली।

टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक
- गुलबदीन नईब ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर दिए 20 रन

60 रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

51 रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	2	2	0	4	2.425
ऑस्ट्रेलिया	2	1	1	2	0.223
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	2	2	0	4	0.625
वेस्टइंडीज	2	1	1	2	1.814
इंग्लैंड	2	1	1	2	0.412
अमेरिका	2	0	2	0	-2.908

जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

यूरो कप | बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टिलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकत हुए।

यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

टीमें : दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, ट्रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

मैच का समय : सुबह छह बजे से।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

पर्यटन का अंतिम सत्र कल: सैलानियों के लिए बंद हो जाएगा दुधवा

इस बार 25 जून तक बढ़ाया गया है सत्र, वर्षाकाल बाद 15 नवंबर को पुनः खोला जाएगा

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार : बाघों, बारहसिंघों व एक सींग वाले गैंडों के लिए समूचे विश्व में ख्याति प्राप्त दुधवा राष्ट्रीय उद्यान का वर्तमान पर्यटन सत्र 25 जून को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाएगा और वर्षा काल के बाद 15 नवंबर को पुनः खोला जाएगा।

दुधवा के प्राकृतिक कच्चे वनमार्ग वर्षाकाल में पानी व कीचड़ से भर जाते हैं। उन पर बड़ी-बड़ी घास, फूस और कटीली झाड़ियां उग आती हैं। इसके अतिरिक्त वर्षा काल के ये महीने ऐसे होते हैं कि इनमें केवल वन्य जीव -जंतु ही नहीं, समूचा प्राकृतिक परिवेश ही एक नई उमंग व स्फूर्ति से भर जाता है। ऐसे में हर जीव को प्रचुर मात्रा में चहुंओर भरे पानी में मनमुताबिक जल क्रीड़ा करने, पेड़ पौधों की भरपूर हरियाली को जी भरकर निहारने तथा स्वच्छंद विचरण के साथ केलि क्रीड़ा कर वंश वृद्धि करने का पर्याप्त मौका मिलता है। इस बार 15 नवंबर 2023 को जब प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार वन राज्यमंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने दुधवा नेशनल पार्क के नये पर्यटन सत्र का फीता काटकर उद्घाटन किया था, तो यह उम्मीद जताई थी कि यह पर्यटन सत्र पर्यटकों को और अच्छी सेवा प्रदान कर दुधवा नेशनल पार्क की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रदेश के अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा तथा उपनिदेशक दुधवा डॉ रंगा राजू टी के कुशल निर्देशन व अधीनस्थ वन कर्मचारियों की मेहनत से यह बात सच साबित होती दिख रही है। इस समूचे पर्यटन सत्र में देश- विदेश के दूरदराज क्षेत्रों से यहां आए पर्यटकों को बाघों, तेंदुओं, हाथियों, गैंडों, बारहसिंघों सहित चीतल, पाढ़ा, सांभर, काकड़, भालू, नीलगाय, मगरमच्छ, जंगली सुअर, ऊदबिलाव, खरगोश, लोमड़ी आदि वन्य पशुओं व सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे प्रवासी- अप्रवासी पक्षियों का दीदार कर वे मुग्ध व गदगद हुए। उन्होंने धरती की जैविक धरोहर को स्थायीरूप से भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अगणित पेड़ -पौधों, घास फूस एवं अन्य वनस्पतियों वाले दुधवा नेशनल पार्क के विविध मनोरम स्थलों का खूब भ्रमण कर भरपूर आनंद लिया।

दुधवा में विचरण करते एक सींग वाले गैंडे।

पर्यटकों की जीप के आगे वन विहार करता एक बाघ परिवार।

इस बार करीब 38 हज़ार सैलानी दुधवा उद्यान पहुंचे

दुधवा पार्क प्रशासन के अनुसार इस बार 15 नवंबर 2023 से 15 जून 2024 तक करीब 38 हज़ार सैलानियों ने दुधवा का भ्रमण किया। मई और जून में ही 7000 से अधिक सैलानी आए। 37 विदेशी पर्यटकों ने भी दुधवा के सौंदर्य को निहारा। इससे 17 लाख से अधिक प्राप्त हुआ। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि इस बार बाघ अधिक दिखाई पड़ने, स्वच्छंद विचरण करते हिरण और गैंडों के कारण हर साल सैलानियों की संख्या बढ़ रही है।

दुधवा में बाघों की संख्या बढ़ने और इनकी सेटिंग अधिक होने से इस बार सैलानियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। गैंडा सफारी और स्वच्छंद विचरण करते हिरण देखने सैलानी यहां उमड़ते हैं, जिससे हर साल दुधवा के राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। अभी 24 और 25 जून को भी सैलानियों की काफी संख्या यहां पहुंचने की उम्मीद है।

-डॉ. रंगा राजू टी, उपनिदेशक- दुधवा

सपना ही रहेगा संकटा देवी रोड का हजरतगंज जैसी सड़क बनना

सदर विधायक ने रोड बनाने का किया था दावा, विरोध के चलते पालिका ने तुड़वा दिया डिवाइडर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: संकटा देवी रोड अब लखनऊ के हजरतगंज जैसी सड़क नहीं बन पाएगी। इसके अलावा यह रोड जीआईसी तक भी नहीं बनेगी। इसका निर्माण संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहे तक होगा। वह भी बिना डिवाइडर बनाए। हालांकि सदर विधायक ने इस रोड़ को हजरतगंज में बनी सड़कों जैसा बनवाने का दावा किया था, इसको लेकर शहरवासी अत्यंत खुश थे।

देवकली के सैदापुर में मेडिकल कॉलेज का शैक्षिक भवन और शहर में जिला अस्पताल की जगह मेडिकल कॉलेज का अस्पताल बनने से संकटा देवी रोड को चौड़ा करना था, जिससे शैक्षिक भवन से अस्पताल आने में डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ को जाम की समस्या से न जूझना पड़े। बता दें कि संकटा देवी रोड अतिक्रमण की वजह से बेहद संकरी हो गई थी। इससे इस पर दिन भर में कई कई बार जाम लगती थी, जिसमें नगरवासियों से लेकर फरधान, मोहम्मदी, बिजुआ एवं गोला आदि से आने वाली एंबुलेंस में लेटे मरीजों की जान पर तक बन आती थी। नगरवासियों से लेकर मरीज और मेडिकल कॉलेज स्टाफ को जाम में न फंसना पड़े इसलिए संकटा देवी रोड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने इस रोड को हजरतगंज जैसी सड़क बनवाने के साथ बीच में डिवाइडर बनवाकर दोनो तरफ बेहतरीन लाइट लगवाने का दावा किया था। मगर, व्यापारियों के विरोध करने पर अब डिवाइडर भी नहीं बनेगा।

संकटा देवी रोड के बीच में बना डिवाइडर तोड़कर बनेगी सड़क।

जीआईसी तक नहीं बनेगी रोड

संकटा देवी चौराहे से जीआईसी तक सड़क का निर्माण हजरतगंज की रोड जैसा करने का दावा किया गया था। मगर, बाद में यह सिर्फ सदर चौराहे तक ही सीमित होकर रह गया। नगर पालिका के लोग बताते हैं कि काफी मशक्कत के बाद संकटा देवी रोड को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सका। हकीकत में अभी भी यह पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाई है। ऐसे में सदर चौराहे से जीआईसी तक रोड को अतिक्रमण मुक्त करा पाना पालिका प्रशासन के बस का नहीं है।

रोड की चौड़ाई भी बराबर नहीं

संकटा देवी रोड की चौड़ाई भी एक समान नहीं है। कहीं पर यह 35 फिट है तो कहीं पर 38 फिट। जबकि अतिक्रमण हटाने के दौरान सदर एसडीएम ने संकटा देवी चौराहा से सदर चौराहा तक रोड की चौड़ाई एक समान रखना बताकर पालिका प्रशासन को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे। मगर, पालिका प्रशासन के लचर रवैये के चलते कहीं पर सड़क 35 तो कहीं पर 38 फीट चौड़ी है।

सड़क की लंबाई- करीब 370 फिट
सड़क की चौड़ाई- 35 से 38 फिट
निर्माण लागत- करीब 75 लाख
नाला निर्माण पर खर्च- करीब 50 लाख

बिना डिवाइडर बन रही सड़क

व्यापारियों के विरोध करने पर पालिका प्रशासन ने करीब दो सौ मीटर बन चुके डिवाइडर को भी तोड़वा दिया है। अब यह रोड बिना डिवाइडर के बनेगी। सड़क निर्माण के लिए बिजली के खंभों को भी शिफ्ट किया जा रहा है।

संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहे तक सड़क का निर्माण हो रहा है। डिवाइडर नहीं बनेगा। बिजली के खंभे शिफ्ट किए जा रहे हैं। इसके बाद हॉट मिक्स से इसका निर्माण होगा।

-संजय कुमार, ईओ नगर पालिका, लखीमपुर

किसानों ने फिर उठाई गन्ना भुगतान की मांग

जड़ौरा की बैठक में मौजूद किसान। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की बैठक में बजाज ग्रुप की चीनी मिल गोला के बकाया गन्ना भुगतान दिलाने और यातायात में हो रही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए तथा तहसील में किसानों के भूमि बैनामा के वर्षों से पड़े दाखिल खारिज कराने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई।

संगठन की ग्राम बघमरा में राकेश सिंह की अध्यक्षता में लगाई गई चौपाल में राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदयाल वर्मा ने कहा कि बजाज ग्रुप की चीनी मिलें किसानों को बकाया गन्ना भुगतान चीनी मिल बंद होने के लगभग तीन माह बीत जाने पर भी नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के दो फरवरी को गन्ना भुगतान को लेकर चीनी मिल का डोंगा में बैठ कर गन्ना भुगतान की मांग करने पर चीनी मिल में आये। जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने गन्ना भुगतान में तेजी लाने और शादी, बीमारी के किसानों का प्रार्थना पत्र पर नियमित रूप से हुए भुगतान को अलग कर अवशेष भुगतान का 50 फीसदी भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया था, किंतु जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानों के प्रार्थना पत्र पर नियमित रूप से हो चुके गन्ना भुगतान को जोड़ कर ही 50 फीसदी का भुगतान दिया जा रहा है, जो निंदनीय है। संतोष सिंह भदौरिया ने कहा है कि तहसील में किसानों की भूमि के हुए बैनामा की वर्षों बीत जाने के बाद भी दाखिल खारिज नहीं हो सकी है, शीघ्र दाखिल खारिज कराई जाए। प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि यातायात दुर्घटना को रोकने के लिए किसान व उनके पुत्र हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग कर वाहन को धीमी गति से चलाएं।

पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी पति की हत्या, नहर में फेंका था शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सदर कोतवाली पुलिस ने चार महीने पहले हुए थाना फरधान के गांव कौढैय्या निवासी रिंकू वर्मा हत्याकांड का रविवार को खुलासा करते हुए उसकी पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि रिंकू की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी। हत्यारे रिंकू को उठा ले गए थे। बाद में शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या की गई और बाइक से शव ले जाकर नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों का चालान भेजा है।

निरीक्षक अपराध हरिप्रकाश यादव ने बताया कि घटना नौ फरवरी 2024 की है। थाना फरधान के गांव कोढैय्या निवासी रिंकू वर्मा

प्रेम में बाधा बन रहा था पति, पत्नी समेत चार गिरफ्तार

(28) रहस्मय ढंग से गायब हो गया था। उसकी पत्नी सोनी वर्मा ने 11 जून 2024 को सदर कोतवाली में अपने पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 21 जून को गुमशुदा रिंकू वर्मा का शव सीतापुर जिले के थाना थाना सिधौली क्षेत्र में बह रही नहर में बरामद हुआ था। पुलिस ने शव बरामद होने के बाद हत्या, साक्ष्य छुपाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। निरीक्षक अपराध ने बताया कि जांच के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि मृतक की पत्नी सोनी देवी का एक युवक से प्रेम संबंध हैं। पुलिस ने जब गहराई से जांच की तो घटना की परतें खुलती चली गईं। पुलिस ने मृतक की पत्नी सोनी वर्मा, दीपक वर्मा, आकाश वर्मा और रोहित वर्मा निवासी त्रिकौलिया पुरवा कोतवाली सदर को उस वक्त रामापुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। जब चारों आरोपी बहराइच भागने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मृतक की पत्नी सोनी वर्मा की मदद से उन्होंने उसके पति रिंकू वर्मा का अपहरण किया। इसके बाद उसे कमरे पर ले गए, जहां जबरन शराब पिलाई और बाद में गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में बाइक पर शव रखकर कालाआम के आगे नहर में शव फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल और झाड़ी में फेंकी गई मृतक की चप्पलें भी बरामद की हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों का चालान भेजा है।

ईओ ने शिकायत की भेजी फर्जी रिपोर्ट

संवाददाता, निघासन खीरी।

पानी को लेकर नानक नगर के युवक ने सीएम पोर्टल पर की थी शिकायत

मोहल्ले में बिछी है सिर्फ पाइपलाइन, ईओ ने दिखा दी पानी की चौकस आपूर्ति

अमृत विचार: नगर पंचायत प्रशासन का सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायत का फर्जी निस्तारण करने का मामला सामने आया है। ईओ ने नानक नगर मोहल्ले में पाइप लाइन के जरिए बेहतर पेयजल आपूर्ति होने की रिपोर्ट लगाकर शिकायत निस्तारित कर दी है। जबकि हकीकत में नानक नगर में सिर्फ पाइप लाइन बिछी है और पानी की आपूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है।

नगर पंचायत के वार्ड नानक नगर निवासी दुर्गेश कुमार ने मोहल्ले में खराब हैंडपंप रिबोर कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी, क्योंकि वार्ड में दो साल पहले अमृत मिशन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई थी, जिसमें पानी की आपूर्ति आज तक शुरू नहीं हो सकी है। वहीं हैंडपंप खराब होने से मोहल्ले वाली पिछले करीब तीन माह से पेयजल संकट झेल रहे हैं। दुर्गेश कुमार पेयजल संकट से उबरने के लिए सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर हैंडपंप रिबोर कराने की मांग की थी। शासन से जवाब तलब किए जाने पर नगर पंचायत के ईओ ने वार्ड में बेहतर पेयजल आपूर्ति होना बताकर शिकायत निस्तारित कर डीएम से लेकर शासन की आंखों में धूल झोंक दी है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि वार्ड में लेगा हैंडपंप तीन माह से खराब है। मगर, नगर पंचायत प्रशासन ने इसकी अब तक सुधि नहीं ली है। वहीं शिकायत का गलत तरीके से निस्तारण किए जाने से मोहल्लेवासियों में नाराजगी है।

ईओ द्वारा निस्तारित फर्जी शिकायत।

शिकायत का निस्तारण बिल्कुल सही किया गया है। सभी मोहल्लों में बेहतर पेयजल आपूर्ति हो रही है।

-दिनेश शुक्ला अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत

श्यामप्रसाद मुखर्जी की मनी पुण्य तिथि

श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते पालिकाध्यक्ष।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: नगर के गौशाला कैंप कार्यालय पर शिक्षाविद् जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई।

गौशाला कैंप कार्यालय पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने शिक्षाविद् जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। उन्होंने कहा कि श्यामप्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र को एकरूपता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। वह एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान के लिए संघर्ष करते हुए बलिदान हुए थे, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

भाजपा नगराध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, राजेश राठौर, विमलेश वर्मा, विजय मिश्र, धीरज बाजपेयी, सुनील मिश्र, रवि प्रजापति, सोनू त्रिवेदी, मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया, महिला मोर्चा नगराध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, गीता दुबे, सरिता गौड़, सीमा वर्मा, हिमांशू सिंह, संजीव गुप्ता, जीतू वर्मा, राजीव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

श्रद्धा पूर्वक मना डॉक्टर मुखर्जी का बलिदान दिवस

भारतीय जनसंघ संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

संवाददाता पलिया कलां। अमृत विचार: भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मना। पलिया विधानसभा के विभिन्न बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान के बारे में लोगों को बताया गया। भाजपा महामंत्री वरुण मिश्रा, दिनेश दिवाकर, अवधेश सक्सेना, आशुतोष शुक्ला, चंद्रभान सिंह, प्रेम गुप्ता, उत्तम राजपूत, शोभित कुमार, आरती वर्मा, इंदु गुप्ता, सुनीता श्रीवास्तव, संगीता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

ठाकुरपुरवा में भाजपाईयों संग बलिदान दिवस मनाते राजा राज राजेश्वर सिंह।

संवाददाता, निघासन खीरी। अमृत विचार: निघासन मंडल के बैलहा ग्राम पंचायत के गांव ठाकुरपुरवा में रविवार को झंडी राज के राजा राज राजेश्वर सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाकर श्रृद्धांजलि दी। झंडी राज के राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा कि जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान को लेकर संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहूति दे दी। बैलहा सेक्टर प्रभारी संजय गुप्ता, महिला मोर्चा की मुन्नी देवी, शक्ति केंद्र संयोजक सरवन लोधी, बूथ अध्यक्ष कुंज बिहारी, तौलेराम, जमुना लोधी, जुगनू लोधी, खुशीराम लोधी, चंद्रजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खाली पड़े प्लाट में युवक का मिला शव, शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार: शहर के सैधरी बाईपास के निकट एक खाली पड़े प्लाट में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची संकटा देवी चौकी पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। रविवार की सुबह करीब 11 बजे कुछ लोगों ने सैधरी बाईपास के निकट खाली पड़े प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा देखा। शव पड़े होने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। बाबूराम सर्राफ नगर, सैधरी समेत आसपास के अन्य मोहल्लों के लोग भी मौके पर पहुंच गए और सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची संकटा देवी चौकी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक युवक के शव की उम्र करीब 28 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

लेखपाल पर फसल नष्ट करने का आरोप

संवाददाता, मोहम्मदी। अमृत विचार: गांव कैमहरा निवासी अमरुल्ला ने हल्का लेखपाल जमीन का विवाद कोर्ट में विचाराधीन होने के बाद भी आरोपियों से मिलकर फसल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि उसका सीओ चकबंदी न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। गुरुवार को वह दवाई लेने लखनऊ गया था। इसी बीच क्षेत्रीय लेखपाल ने विपक्षियों से साथ गांठ कर भूमि की और उसकी फसल को नष्ट करा दिया, जिससे उसे भारी नुकासन हुआ है। दवाई लेकर जब वह वापस आया तो उसे जानकारी हुई। उसने विपक्षियों से विरोध किया तो घर में घुसकर हाथापाई कर जान से मार डालने की धमकी दी है।

डीएम से शिकायत, फिर भी नहीं हो रही सफाई

खम्हौल ग्राम पंचायत में सफाई न होने से चोक नाली। अमृत विचार

संवाददाता, रजागंज खीरी। अमृत विचार: सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत खम्हौल में सफाई कर्मचारी की तैनाती के बावजूद गंदगी का अंबार है। ग्रामीण ने डीएम के व्हाट्सएप नंबर पर सफाई कर्मचारी के न आने की शिकायत करते हुए सफाई कराने की मांग की है। गांव निवासी हसीबुल रहमान, असलम, सफीउल्ला खां, जितेंद्र वर्मा, अंबिका प्रसाद वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, रूपराम वर्मा, बालगोविंद, नियाज़ हुसैन, बबलू, इश्तियाक, रामकुमार, गिरीश चंद्र वर्मा, मुजीब खां, लालू प्रसाद, सरताज खां, समीम खां, इरफान आदि ने बताया कि कहने के लिए गांव में सफाई कर्मचारी तैनात है। मगर, वह आता कभी नहीं है, जिसकी वजह से गांव की नालियां जहां चोक हैं तो वहीं पंचायत भवन से लेकर सार्वजनिक जगहों पर गंदगी के ढेर लगे हैं। गंदगी की वजह से गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। गांव में सफाई कराने के लिए डीएम के व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत की गई, लेकिन उसके बाद भी सफाईकर्मी सफाई के लिए नहीं आया।

नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को बताया स्वच्छता का महत्व

निघासन के सिस्वारी गांव में नुक्कड़ नाटक करते कलाकार।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार: स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत निघासन ब्लॉक के गांव सिस्वारी में नुक्कड नाटक आयोजित कर ग्रामीणों को साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित कर स्वच्छता का महत्व बताया गया। नोएडा से आई टीम ने नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला एवं पेयजल समिति की बैठक आदि का आयोजन कर ग्रामीणों को तन से लेकर घर और इसके आस पास साफ सफाई रखने का महत्व बताया। टीम सदस्यों ने कहा कि शारीरिक साफ सफाई के अलावा खान पान में स्वच्छता रखकर बीमारियों से बचा जा सकता है, क्योंकि बीमारियों की वजह गंदगी है। चाहें वह जिस रूप में हो। उधर, मेले में स्टॉल लगाकर स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर सामग्री उपलब्ध कराई। पेयजल समिति की बैठक का आयोजन कर गांव वालों को स्वच्छ पेयजल की उपयोगिता और आवश्यकता बताई। टीम सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाकर साफ सफाई का महत्व बताना है। बीडीओ जयस कुमार सिंह, एडीओ विजय गुप्ता एवं जिला समन्वयक अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार बदमाश ने बुजुर्ग के कुंडल नोचे, हड़कंप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार: बाइक सवार दो बदमाशों ने खेत में काम कर रही वृद्ध महिला के कानों पर झपट्टा मार दिया और कुंडल नोचकर भाग निकले। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला के शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंचते। इससे पहले ही बदमाश बाइक समेत काफी दूर जा चुके थे। पीड़ित महिला ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी जयराम की पत्नी सुखदेई (60) ने बताया कि वह अपने खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे। खेत के पास ही बाइक खड़ी कर दी। वह कुछ समझ पाती। इससे पहले ही एक बदमाश उनके पास आ गया। दूसरा बाइक स्टार्ट कर उसी पर बैठा रहा। खेत पर महिला के पास पहुंचे बदमाश ने कानों पर झपट्टा मार दिया और कुंडल नोच कर भाग निकले। महिला के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग जब तक मौके पर पहुंचते। बदमाश काफी दूर जा चुके थे। दिन दहाड़े हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

हादसे में बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अलीगंज। अमृत विचार: अलीगंज रोड पर एक माह पूर्व सड़क हादसे में बाइक सवारों की हुई मौत के मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला ऊंची भूड निवासी फखरुद्दीन मंसूरी की पत्नी फरमीदा बेगम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र जहीरुद्दीन कुनैठिया भट्टे पर मुनीम का काम करता था। 19 मई की देर शाम साढे नौ बजे जहीरुद्दीन भुड़वारा निवासी रईस पुत्र हींगन के साथ बाइक से खाना लेकर जा रहा था। अलीगंज रोड पर एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर उसके पुत्र की बाइक में मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये थे। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ज्योष्ठ पूर्णिमा पर श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुआ भंडारा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार: बजाज चीनी मिल स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में जेठ पूर्णिमा पर शाम को भंडारा कराया गया, जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के बजाज हिंदुस्थान शुगर लि के श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने सपत्नीक पुजारी दयानंद पांडे से पूजन अर्चन कराकर भंडारा कराया। अनिल मिश्रा ने भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण को सुंदर वस्त्र पहनाकर आरती उतारकर खीर पूड़ी का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरण किया। भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में चीनी मिल के अधिकारी, कर्मचारी लगे रहे।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

बेसिक स्कूलों में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के लिए कल पहुंचेंगे शिक्षक

28 जून को स्कूल आने वाले बच्चों का तिलक कर करेंगे स्वागत, खिलायेंगे मिठाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय लखीमपुर खीरी।

अमृत विचार: शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 को, तो बच्चों का 27 जून को समाप्त हो जाएगा। शिक्षक शिक्षिकाएं 25 जून को स्कूल पहुंचेंगे। जबकि छात्र-छात्राओं को 28 जून को विद्यालय जाना होगा। इस संबंध में शासनादेश भी जारी हो चुका है। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का रोली टीका करने के साथ कुछ मीठा खिलाकर शिक्षकों को स्वागत करना होगा।

जिले में 3106 से बेसिक विद्यालय हैं। इनमें पांच लाख से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। मई की 20 तारीख को शुरू हुआ ग्रीष्मावकाश खत्म होने में सिर्फ आज का दिन शेष है, क्योंकि शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए स्कूल 25 जून से खुल जाएंगे। शिक्षक और कर्मचारियों को 25 से लेकर 27 तक स्कूलों में कक्षाओं से लेकर पानी की टंकी, किचन, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त करानी होगीं। इसके अलावा फर्श, दीवारें, खिड़की-दरवाजे, ब्लैक बोर्ड, फर्नीचर, उपकरण, स्टेशनरी, टीएलएम पुस्तकें आदि की साफ सफाई करानी होगी, जिससे 28 जून को आने वाले बच्चों को स्कूल में गंदगी न मिले। पहले दिन आए बच्चों का शिक्षक तिलक कर स्वागत करने के साथ मुंह मीठा करनाएंगे। इसके बाद दो दिन 28 व 29 जून को समर कैंप आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियां करानी होगी, जिसमें अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा।

एक जुलाई से 7:30 से 01:30 तक खुलेंगे स्कूल

28 और 29 जून को विद्यालय का समय 07:30 से 10 बजे तक रहेगा, क्योंकि इन दोनों दिन समर कैंप आयोजित होंगे, जबकि एक जुलाई से स्कूलों में सुबह 07:30 से दोपहर 01:30 बजे तक शिक्षण कार्य होगा।

आंकड़ों की नजर में

जिले में कुल विद्यालय-3106
कक्षा एक से पांच तक-1973
कक्षा एक से आठ तक-727
कक्षा छह से आठ तक-406
बेसिक स्कूलों में छात्रों की संख्या-करीब पांच लाख

> शासन से जारी आदेश सभी बीईओ को भेज दिया गया है, जिससे वह प्रधानाचार्यों को इससे अवगत करा दें। निरीक्षण के समय अव्यवस्थाएं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> -प्रवीण कुमार तिवारी बीएसए

जर्जर पोल पर विभाग ने खींचे बिजली के तार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: नगर के विभिन्न मोहल्लों में जर्जर विद्युत पोल हादसों को दावत दे रहे हैं। इसके बावजूद नगर की भारत भूषण कालोनी में कई साल से खाली पड़े लोहे के जर्जर पोल पर बिजली के तार खिंचवा दिये। जिसका मोहल्लेवासियों ने विरोध करते हुये काम रूकवा दिया है।

सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए करोंड़ों रुपये खर्च कर रही है, उसके बाद भी जर्जर हो चुके बिजली पोल व तारों को सही करने के बजाय बिजली विभाग महज खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है। मोहल्ला भारत भूषण कालोनी में लगभग 10 साल पूर्व लोहे के पोल लगाकर बिजली तार खिंचने थे। विभाग द्वारा पोल खड़ा करने के बाद बिना तार खींचे ही ऐसे ही छोंड़ दिया गया। जंक लगने से बिजली के पोल नीचे से गल चुके हैं। रविवार को लाइनमैन जगतपाल अपनी टीम के साथ मोहल्ले में पहुंचे और जर्जर पोल पर तार खींचने लगे। जिसका मोहल्ले वालों ने विरोध किया। पूर्व सभासद सचिन गुप्ता, मनोज मिश्रा, कालीचरन वर्मा, विपिन, अनूप, सियाराम आदि का कहना है कि जंग लगने से बिजली के पोल नीचे से गल चुके हैं। ऐसी हालत में बिजली की लाइन चालू कर दुर्घटना को दावत देना है। जबकि बिजली द्वारा आये दिन हो रही घटनाओं से कई जाने जा चुकी हैं। इसके बाद भी विभाग नहीं चेत रहा है।

मोहल्लेवासियों ने विरोध कर रुकवाया कार्य

> जर्जर पोलों के बारे में जेई को सर्वे कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जर्जर और गले खंभों से अगर बिल्डिंग कराकर काम चलने वाला होगा तो बिल्डिंग कराई जाएगी, अन्यथा नए पोल लगाए जाएंगे।
> -अशोक सुंदरम, अधीक्षण भियंता विद्युत गोला गोकर्णनाथ।

सार-संक्षेप

निजी अस्पताल का उदघाटन करने आज आएंगे डिप्टी सीएम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को जिले में आ रहे हैं। वह लखीमपुर और ओयल के बीच स्थित एक निजी अस्पताल का उदघाटन करेंगे। यह अस्पताल एक विधायक का बताया जा रहा है। डिप्टी सीएम लखनऊ से 10:30 बजे चलकर 12:30 बजे अस्पताल पहुंचकर शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

पलिया में गायत्री महायज्ञ पर निकली भव्य कलश यात्रा

गायत्री मंदिर से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : राष्ट्रीय जागरण अभियान के तहत गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम पटिहन रोड पर स्थित गायत्री मंदिर पर शुरू हो गया। पहले दिन रविवार को पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। कलश यात्रा नगर की पटिहन रोड, दुधवा रोड होते हुए नगर के कई प्रमुख मंदिरों में पहुंची, जहां पूजन-अर्चन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद कलश यात्रा पुन: गायत्री मंदिर लाई गई। जहां पर कलशों की स्थापना कराई गई और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक ने गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा व माता श्री के चित्र का पूजन-अर्चन करा गायत्री सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा कराई। लोगों को अपना खान-पान, आचार- विचार शुद्ध करने, बच्चों को शिक्षित व संस्कारित किए जाने का संदेश दिया। उन्होंने कई श्लोक व दृष्टांत सुनाकर यज्ञ की महिमा भी बताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सलिल अग्रवाल, जयप्रकाश, देशराज बम्हनपुर, श्रीराम राठौर, अशोक मौर्य, सुभाष दास, आलोक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद रहे।

सूर्य नमस्कार व प्राणायाम तन और मन को रखता है स्वस्थ

आवास विकास कॉलोनी के अटल बिहारी बाजपेई पार्क में सूर्य नमस्कार करते लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : आवास विकास कॉलोनी के अटल बिहारी वाजपेई पार्क में रविवार सुबह 54वें सूर्य नमस्कार का अभ्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें शामिल लोगों को सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों की जानकारी देकर 54 बार इसका अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षिका प्रगति बरनवाल ने शिविर में शामिल लोगों को सूर्य नमस्कार के साथ प्राणायाम एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया। शरीर को इनसे होने वाले लाभ बताकर प्रतिदिन इनका अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल ने कहा कि आधुनिक युग में युवाओं में भावनात्मक विकास और सकारात्मक जीवनशैली के लिए सूर्य-नमस्कार का नियमित अभ्यास बेहद जरूरी है। इसलिए खासकर लोगों को इसका रोजाना अभ्यास करना चाहिए। शिविर में प्रीति शुक्ला, नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी, अमूलदीप तिवारी, राजदीपिका तिवारी, पारुल सिंह, अंशिका वर्मा एवं खुशी वर्मा सहित निधि, रोशन कुकरेजा, साक्षी कुकरेजा, मीना जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अवैध लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

पलिया कोतवाली के बाहर खड़ी पकड़ी गई लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : सरकार जहां पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण किए जाने हेतु करोड़ों रुपया खर्च कर लोगों को प्रोत्साहित करती रहती है। वहीं स्थानीय अधिकारियों के संरक्षण के चलते क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान का कारोबार इन दिनों को खूब फल-फूल रहा है। यदा-कदा एक- दो अवैध लकड़ी कटान भरे ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर खानापूर्ति की जाती है। ऐसे ही बिना परमिट काट कर ले जाई जा रही ओवर हाइट एक ट्रैक्टर ट्राली को पलिया पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि लकड़ी अवैध ढंग से काटकर ले जाई जा रही थी। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

रमेश चंद्र पांडेय इंस्पेक्टर गोला, भीरा एसओ रिवर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: एसपी गणेश प्रसाद साहा ने रविवार की शाम चार इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया। वहीं थानाध्यक्ष भीरा पंकज त्रिपाठी को रिवर्ट कर सर्विलांस सेल प्रभारी बनाया है। गोला इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह को प्रभारी निरीक्षक भीरा के पद पर भेजा है। एसओ भीरा पर पलिया विधायक ने धन वसूली कराने का आरोप लगाया था। इसको लेकर विधायक और एसओ के बीच हुई वार्ता का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इंस्पेक्टर रमेश चंद्र पांडेय एसपी पीआरओ थे। इसके अलावा सर्विलांस सेल प्रभारी इंस्पेक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह को न्यायालय सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है। न्यायालय सुरक्षा के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर महेश पाठक को इंस्पेक्टर क्राइम थाना मैगलगंज के पद पर भेजा है। बतादें कि चार दिन पहले भीरा पुलिस ने अपने खेत से घर की पटाई करने के लिए मिट्टी ले जा रहे ग्रामीण को ट्रैक्टर-डनलप समेत पकड़ लिया था। ट्रैक्टर पर सवार उसके दोनों बेटों समेत तीनों को हवालात में डाल दिया था। अगले दिन 20 हजार रुपये लेकर छोड़ा था। पीड़ित ने इसकी शिकायत पलिया विधायक रोमी साहनी से की थी। इस पर विधायक ने एसओ पंकज त्रिपाठी

चार एसडीएम बदले

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम निघासन अश्वनी कुमार समेत चार एसडीएम के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एसडीएम निघासन अश्वनी कुमार सिंह को एसडीएम लखीमपुर बनाया गया है। अपर उपजिलाधिकारी राजीव निगम को निघासन एसडीएम के पद पर भेजा गया है। एसडीएम मितौली विनोद कुमार गुप्ता अब गोला के एसडीएम होंगे। गोला एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को अपर उपजिलाधिकारी लखीमपुर बनाया है।

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर बवाल

कब्जा रोकने पर कर दी पिटाई, नहीं लिखी रिपोर्ट तो धरने पर बैठे भाजपाई

संवाददाता, मैलानी।

अमृत विचार: नगर में सरकारी आबादी की भूमि पर दबंगों का कब्जा रोकने गए भजपा नेता और उसके परिवार जनों की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की, गुस्साए भाजपाइयों ने थाना गेट पर चार घंटे तक धरना दिया। मौके पर पहुंचे सीओ के कार्रवाई करने के आश्वासन पर भाजपाइयों ने धरना समाप्त किया।

मैलानी में आबादी भूमि गाटा संख्या 1107 पर नगर के ही कुछ लोग कब्जा कर रहे थे। खबर मिलते ही भाजपा मंडल मंत्री आसमा बानो पत्नी आबाद खान कब्जे को रुकवाने का प्रयास करने मौके पर गए, जिससे नाराज होकर दबंगों ने उनसे गाली गलौज कर आसमा बानों और उनके पुत्र फरहान की पिटाई कर दी। जिससे मां बेटा घायल हो गए। चोटिल मां बेटे का मेडिकल भी हुआ फिर भी तहरीर देने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। भाजपा नेता की पिटाई से गुस्साए नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानीशंकर माहेश्वरी भाजपा नेत्री गुरमीत कौर सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंच कर दोपहर 11 बजे थाने के बाहर गेट के पास कार्यवाही की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेंद्र यादव को ज्ञापन मिलने पर तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज करने की बात कही तो चार घंटे बाद धरना खत्म किया गया। धरने पर भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, आसमां बानो, सरस्वती धूरिया, शिव गोविन्द कुशवाहा, हरिहरदत्त मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, खूबचन्द्र, राजेश कुमार सिह, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेंद्र यादव द्वारा दिए गए आश्वासन पर आरोपी पर निश्चित रूप से कार्यवाही करने के लिए दो दिन का समय मांगा गया।

मैलानी में थाना गेट पर धरने पर बैठे भाजपाई। अमृत विचार

ज्ञापन में सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने की मांग

मैलानी। पीड़ित पक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीओ को दिए ज्ञापन में कहा कि थानाध्यक्ष राजेश कुमार, उप निरीक्षक एके तिवारी विपक्षी से मिले हुए हैं, जिससे वह कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, उनका स्थानांतरण कराने की पुलिस क्षेत्राधिकारी से मांग की गई। नगर पंचायत प्रतिनिधि ने तहसीलदार गोला को आबादी की भूमि से अवैध कब्जे को हटाने को लेकर भी बात की जिससे कोई विवाद न हो। तहसीलदार सुखवीर सिंह ने बताया कि शीघ्र ही आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा जो भी है उसे हटवा दिया जाएगा।

तहरीर में सात, छह लोगों पर नामजद रिपोर्ट लिखी

मैलानी। पुलिस को दी गयी तहरीर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग तो दर्ज हुआ, जिसमें पीड़ित द्वारा तहरीर में सात आरोपियों के नाम दिए गये थे। अभियोग की कापी के घटना से सम्बंधित सभी सात लोगो का जिक्र किया गया, परन्तु रिपोर्ट में पुलिस ने सिर्फ छह लोगों के ही नाम दर्शाये हैं, जिसको लेकर मौजूद लोगो में एक बार फिर आक्रोश बढ गया। पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस पर विपक्षी पार्टी से मिले होने का आरोप लगाने लगे।

> तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। शीघ्र ही सभी आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।
> -अजेंद्र यादव, सीओ गोला।

न्यू चिल्ड्रेन के समरकैंप का समापन

समापन समारोह में पुरस्कृत प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी एवं यूनिक स्टेप डांस एकेडमी के समरकैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया।

गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समरकैंप के समापर पर मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की पूजा कर कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर के आयोजन से छात्र एवं छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है, राष्ट्र निर्माण में प्रशिक्षिकाएं एवं प्रशिक्षक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करके अपना योगदान देते हैं, जो सराहनीय है। बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, राष्ट्र के निर्माण में बेटे एवं बेटियों का बराबर का योगदान है। कार्यक्रम में अरविंद पांडेय, ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी, संजीव दीक्षित, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा, राकेश बाजपेई, सत्यप्रकाश बाजपेई ने भी संबोधित किया। संचालन संजीव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में तुषार मिश्रा, अजय रॉक, अश्वनी अवस्थी, सचिन कुमार, प्रशांत वर्मा, गरिमा वाजपेई, अंशिका वाजपेई, मुस्कान सिंह, सोनम कश्यप, संध्या सिंह, शिवानी सिंह, सिंपी चौधरी आदि मौजूद रहीं।

पिंटू इलेवन ने पिरथीपुरवा को दी शिकस्त

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार: बम्हनपुर में चल रहे स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्नेहलता वर्मा मेमोरियल नाक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच पिंटू इलेवन हुलासी पुरवा और पिरथीपुरवा इलेवन के बीच खेला गया। पिंटू इलेवन की टीम ने पिरथीपुरवा इलेवन की टीम को 33 रन से हराकर मैच जीत लिया। बढ़िया प्रदर्शन के लिए अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

रामाधीन इंटर कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवां लीग मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम ने 12 वें ओवर में 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिरथीपुरवा की टीम की हालत खराब रही। पूरी टीम 11वें ओवर में 63 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम ने 33 रनों से यह मैच जीत लिया। अंकित ने 14 वालों पर 40 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया और पहले क्वार्टर फाइनल मैच रविंद्र इलेवन पलिया तथा बजहा इलेवन के बीच खेला गया। रविंद्र इलेवन पलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया, रविंद्र इलेवन पलिया ने निर्धारित 14 ओवर में 165 रन का लक्ष्य दिया था। बजहा इलेवन की तरफ से ओपनिंग करने आए जसविंदर व मनोज जसविंदर ने 11 गेंद में 22 रन का योगदान दिया। मनोज ने 11 रन बनाएं। संतोष ने 15 रन का योगदान दिया। पूरी टीम 120 बना सकी। इस प्रकार रविंद्र इलेवन पलिया 44 रन से मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गई।

खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्नेहलता वर्मा मेमोरियल नाक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2364795 वर्ष 2018 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2235006 वर्ष 2020 है। जिसकी मूल प्रति वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **तृषा सिंह पुत्री सुरेश सिंह निवासी ग्राम चिरैया भिटौरा,तहसील व थाना मनकापुर जनपद गोण्डा –271302**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई की निवासी हूँ मेरी जीवन बीमा पालिसी नं0 224434957 व 224434958 पर सुमन पत्नी रमेश दर्ज है तथा आधार कार्ड पर अंजली कश्यप दर्ज है मै हमेशा से अंजली कश्यप व सुमन दोनों नामों से जानी व पहचानी जा रही हूँ मुझे अंजली कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाए ⊢ **अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई।**

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कॉरिडोर के लिए एक माह में नाली से हटेगा अतिक्रमण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

नगर का गोकर्ण तीर्थ। अमृत विचार

पत्रकारों से बातचीत करते विधायक अमन गिरि।

अमृत विचार: फार्म हाउस पर हुई प्रेस वार्ता में विधायक अमन गिरि ने बताया कि छोटी काशी गोला में गोकर्ण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। सावन माह में कॉरिडोर का काम पूर्णतः बंद रहेगा। कॉरिडोर निर्माण से किसी का भी अनावश्यक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। गोकर्ण कॉरिडोर की जद में कोबलस्टोन सड़कें बनवाई जाएगीं। गोकर्ण तीर्थ परिसर पर विशाल सत्संग भवन भी बनवाया जाएगा। बाढ़ ग्रसित क्षेत्र के लिए अधिक फंड की व्यवस्था की जाएगी। कुंभी में 95 एकड़ में बायो प्लास्टिक प्लांट लगवाया जाएगा।

विधायक अमन गिरि ने फार्म हाउस पर हुई प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध शिव नगरी गोला में गोकर्ण कॉरिडोर का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए वह शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गोकर्ण कॉरिडोर, बाढ़ से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा कर आने वाली समस्याओं से अवगत भी कराया।

मुख्यमंत्री ने विधायक को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि बाढ़ रिलीफ के लिए खीरी जनपद को अन्य जिलों से अधिक फंड दिया जाएगा। ताकि बाढ़ प्रभावित गांवों में बरसात से पहले सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने गोकर्ण कॉरिडोर पर विशेष रुचि दिखाते हुए इसके निर्माण के लिए निर्देशित किया हैं। विधायक ने कहा कि गोकर्ण कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है। अषाढ़ में सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा, सावन में कांवड़ियों, शिव भक्तों की सुविधार्थ काम पूर्णतः बंद रहेगा। गोकर्ण कॉरिडोर का प्रमुख द्वार स्टेशन रोड अंगद धर्मशाला के पास बनवाया जाएगा। वीआईपी प्रवेश द्वार डामर रोड प्रो रामऔतार विश्वकर्मा के मकान के पास बनाया जाएगा। इन मार्गों पर नाली से नाली तक का अतिक्रमण हटवाया जाएगा। साथ ही ध्यान रखा जाएगा कि किसी का कोई अनावश्यक नुकसान न हो। सड़कों का चौड़ीकरण, टायल्स, पत्थर, लाइटिंग आदि से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। कोबलस्टोन सड़कें बनवाई जाएगी। बिजली, पानी आदि की वायरिंग सौंदर्यीकरण और सुविधा की दृष्टिगत भूमिगत की जाएगी। मंदिर परिसर पर डाली फूल वाले मालियों के लिए उत्तम व्यवस्था की जाएगी। शिव मंदिर में प्रवेश और निकाश पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। बिजुआ क्षेत्र बाढ़ से ग्रस्त गांवों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष ध्यान देकर अधिकाधिक सहायतार्थ फंड देने को कहा है। जिससे बाढ़ की समस्या से राहत मिल सके।

सावन भर बंद रहेगा निर्माण कार्य, किसी का नहीं होने दिया जाएगा नुकसान

कुंभी में 95 एकड़ में लगेगा बायो प्लास्टिक प्लांट

गोला गोकर्णनाथ। विधायक अमन गिरि ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुंभी में 95 एकड़ की भूमि पर एक अमेरिकन कंपनी द्वारा दो हजार करोड़ के प्रोजेक्ट निवेश को स्वीकृति दी है। इसके लिए 70 एकड़ भूमि अधिगृहीत की जा चुकी है। अमेरिकन वायो प्लास्टिक प्लांट में मेडिकल एक्यूपमेंट्स तैयार किए जाएंगे। बताया कि हड्डी टूटने पर डाली जाने वाली राड, प्लेट की जगह कृत्रिम राड, प्लेट आदि बनेंगी जो बाद में निकालनी नहीं पड़ेंगी।

घर बुलाकर बच्ची से किया दुष्कर्म, पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बालिका को घर बुलाकर दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव में हुए बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कामुक दरिंदे ने उसकी नौ वर्षीय बच्ची को बहाने से घर बुलाकर अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़ित बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि कार्रवाई करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सड़क दुर्घटना में दो घायल

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कोरैया निवासी माहवरी (55) पत्नी रोज अली और गांव अजान निवासी संजय (30) पुत्र स्वामी दयाल अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

अवैध तरीके से मिट्टी का खनन, कार्रवाई नहीं

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर चमरौली पाली में चल रहा अवैध खनन, जिम्मेदार बने अनजान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

प्रतिबंधित पोकलैंड मशीन से किया जाता खनन। अमृत विचार

नई सड़क पर फंसा मिट्टी लदा ट्रक। अमृत विचार

अमृत विचार। बीते एक सप्ताह से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर चमरौली व पाली गावों में दिन रात अवैध खनन जोरों से हो रहा है। सबसे ज्यादा चमरौली पाली में अवैध खनन हो रहा है। पाली गांव में पांच बीघा ग्राम समाज की जमीन में करीब दो बीघा में 10 फुट तक मिट्टी खोद डाली गई। जिस जगह खनन हुआ वहां की जमीन से पानी तक निकलने लगा है। आरोप है कि यह खनन लेखपाल की शह पर हो रहा है।

रात में पाली गांव में चल रहा खनन रोकने हसनगंज तहसील के राजस्व अफसर क्षेत्रीय लोगों व सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और खनन होता देख रुकने को कहा तो खनन कर रहे ठेकेदार ने उन्हें अपनी कार में जबरन बैठाने और खनन वाली जगह से लौट जाने की धमकी भी दी। यही नहीं इससे पहले इसी कार्यदायी संस्था पर कोतवाली अजगैन में दो बार अवैध खनन करने की रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी और खनन में शामिल जेसीबी व डंपरों को भी सीज किया गया था।

लेकिन, इतना सब होने के बाद भी स्थानीय लेखपाल व प्रधान के सहयोग से जगदीशपुर चमरौली व पाली गावों में अवैध खनन जारी है। चमरौली गांव के विक्रम सिंह व रहमतपुर के सुनील दीक्षित समेत आधा दर्जन किसान कई बार खनन बंद करवा चुके हैं। किसानों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी जाती है लेकिन मौके पर जांच को कोई भी नहीं पहुंचता है। इस संबंध में तहसीलदार विराट करवरिया ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट मिली है। उसे एसडीएम व खनन अधिकारी को भेजा गया है। कहा कि अधिकारियों के निर्देश पर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बिना सीमांकन धड़ल्ले से हो रहा खनन

सोहरामऊ। थानांतर्गत गांव भटपुरा में शिवन्या इंटर प्राइजेज को 15173 घन मीटर खनन करने की अनुमति दी गई थी। लेकिन खननकर्ता अभी तक बिना सीमांकन के खनन कर रहे हैं। लेखपाल द्वारा सीमांकन न करने से खननकर्ता आसपास के गाटों में भी अवैध खनन कर रहे हैं। इस मामले में तहसीलदार विराग करवरिया ने कहा कि सोमवार को भूमि का सीमांकन कराया जाएगा।

बोरिंग के गड्ढे में भरे पानी में गिरने से महिला की गई जान

पुरवा उन्नाव। बोरिंग के गड्ढे में भरे पानी में गिरने से महिला की मौत हो गयी। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव लेकर घर चले गये।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीषमपुर निवासी रामनरेश अपनी 60 वर्षीय पत्नी रामरानी के साथ खेत गया था। रामरानी को ट्यूबवेल पर बिठाकर वह खेत में काम करने चला गया। रामनरेश ने बताया कि काम करते समय रामरानी को न देख वह वहां पहुंचा तो देखा कि वह बोरिंग के गड्ढे में भरे पानी में औंधे मुंह पड़ी थी। यह देख उसने उसे बाहर निकाला और परिजनों की मदद से उसको सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने रामरानी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

बंद पड़े पुल से नीचे गिरा कानपुर का युवक, गंभीर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

पुराने यातायात पुल के ऊपर खड़े युवक।

अमृत विचार। कानपुर और शुक्लागंज के बीच गंगा नदी पर बने पुराना यातायात पुल तीन सालों से बंद पड़ा हुआ है। रविवार शाम कानपुर के चार युवक बंद पुल पर पहुंच गये। जहां एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है।

कानपुर के बांस मंडी निवासी अमन वहीं के निवासी साथी शाकिब, कैफ व असलम के साथ कानपुर से बंद पड़े पुराने गंगा पुल पर पहुंच गये। जहां दोनों टहलते हुये रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शुक्लागंज की ओर आये। इस दौरान अमन बंद पुल से नीचे गंगा रेती में आ गिरा। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अमन को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं उसके दोस्तों ने बताया कि अमन ने पुल से छलांग लगाई है। जबकि कुछ पुल के नीचे मौजूद लोगों ने बताया कि युवकों का आपस में झगड़ा हो रहा था। विवाद होने के बाद अमन नीचा गिरा है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि चारों एक दूसरे का हाथ पकड़े कर पुल की रेलिंग से लटक कर स्टंट कर रहे थे। तभी एक युवक ने उसका हाथ छोड़ दिया या हाथ छूट गया। जिससे अमन गंगा की रेती में गिर गया।

गंगाघाट टाउन में लगेगा पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर, मिलेगी राहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- फीडर 4 की सप्लाई होगी सुचारु और फीडर 3 के कुछ ट्रांसफार्मर जोड़े जायेंगे
- ट्रांसफार्मर रखने के लिये बेस निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है

एमवीए ट्रांसफार्मर रखने के लिये बेस बनाने का होता कार्य। अमृत विचार

अमृत विचार। शुक्लागंज सबस्टेशन में लगे ट्रांसफार्मर से नगर के कई फीडरों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। जिस कारण ओवरलोड होने के कारण क्षेत्र की बिजली प्रभावित हो रही है। जिसे देखते हुये विभाग ने अब सब स्टेशन में एक और 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू करा दिया है। जिसको लेकर रविवार को एसडीओ की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर रखने के लिये बेस निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है।

शुक्लागंज सब स्टेशन में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर से फीडर चार के तहत आजाद नगर, अली नगर, आर्य नगर समेत कई क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा फीडर 3, 2 और शक्तिनगर फीडर की सप्लाई भी हो रही है। जिस कारण फाल्ट होने के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भरपूरर बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसे देखते हुये बिजली विभाग ने अब फीडर चार को अलग करने की कार्य योजना बनाई और गंगाघाट टाउन पर अतिरिक्त मिले 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू करा दिया है।

इसके लिये रविवार को एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर को रखने के लिये बेस बनाने का काम शुरू करा दिया गया है। एसडीओ ने बताया कि दस दिन में ट्रांसफार्मर लगा दिया जायेगा।

एचटी लाइन की चपेट में आकर महिला की मौत

उन्नाव। बारासगवर थानाक्षेत्र के रामनेर गांव में बाग में बकरी चराने गई अधेड़ महिला की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई।

रामनेर गांव निवासी रामेश्वरी (55) पत्नी स्व. हरि प्रसाद घर से 500 मीटर दूर बटाई लिए बाग में बकरियां चराने गई थी। तभी पेड़ के ऊपर से निकली एचटी लाइन टूटकर नीचे गई। जिसकी चपेट में उसकी बकरी आ गई। बकरी को बचाने पहुंची रामेश्वरी भी करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। पड़ोस में मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने दौड़कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने एकत्र होकर विद्युत विभाग की लापरवाही पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, एसओ अखिलेश तिवारी पहुंचे और लोगों को शांत कराया।

डंपर के केबिन में मृत मिला चालक

संवाददाता औरास उन्नाव

जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। औरास थानाक्षेत्र के सीमऊ गांव के शारदा नहर पुल के पास संदिग्ध हालत में खड़े डंपर से आवागमन में दिक्कत होने पर राहगीर ने केबिन में झांककर देखा तो चालक उसमें अचेत पड़ा था। सूचना पर पुलिस ने जांच की तो चालक की मौत हो चुकी थी। डंपर मालिक से मिली जानकारी पर छोटा भाई व परिजन मौके पर पहुंचे। मामला संदिग्ध देख फॉरेंसिक टीम ने भी जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। चालक की जेब में रुपये भी नहीं मिले। साथ ही डंपर का डीजल टैंक भी खुला था और डीजल फैला पड़ा था।

जौनपुर जिला के थाना सरपतहा के कटघर निवासी विपिन गिरी (30) डंपर चालक था। वह कबरयी से स्टोन डस्ट लादकर शनिवार को लखीमपुर गया था। जहां से गाड़ी खाली कर लौटा था। रविवार सुबह औरास थानाक्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग पर सीमऊ गांव के पास से निकली शारदा नहर पुल पर उसका डंपर खड़ा था। वहां से निकलने में जब लोगों को असुविधा हुई तो उन्होंने डंपर के भीतर झांककर देखा तो चालक उसमें अचेत पड़ा था। पुलिस ने केबिन में घुसकर जांच की तो उसकी मौत हो चुकी थी। केबिन में ही कुछ फोन नंबर लिखे थे। इस पर संपर्क करने पर उसके छोटे भाई विवेक से बात हुई। उसने बताया कि वह भी डंपर चालक है। शनिवार करीब तीन बजे उसकी भाई से सिमऊ में मुलाकात हुई थी। उसके शरीर में कोई गंभीर चोट नहीं मिली है। रविवार को पोस्टमार्टम में मौत की वजह साफ नहीं हो सकी। शराब मिली है साथ ही जहर की आशंका के चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है।

झपकी आने से एक्सप्रेस-वे के डायवर्जन स्टैंड से टकराई कार, चालक की मौत : बांगरमऊ उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव शादीपुर के सामने चालक को अचानक झपकी आने से तेज रफ्तार कार निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के डायवर्जन स्टैंड से टकरा गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार गंभीर घायल हो गया। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पूरन चंद।

आगरा के मोहल्ला खिड़की काले खां महादेव गली मोती कटरा निवासी पूरन चंद (55) पुत्र रामगोपाल शर्मा कार से लखनऊ से आगरा जा रहा था। तभी रास्ते में रविवार शाम चालक को अचानक झपकी आने से तेज रफ्तार कार एक्सप्रेस-वे पर गांव शादीपुर के सामने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर ओवर ब्रिज के डायवर्जन स्टैंड से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर घायल हो गया। मौके पर मौजूद कर्मियों की सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन घायल को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

दोनों सहेलियों के आज कोर्ट में होंगे कलमबंद बयान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- इंस्टाग्राम पर दोनों किशोरियों को एक दूसरे से हुआ था प्यार

अमृत विचार। मोबाइल फोन के इंस्टाग्राम पर मैसेज व वीडियो कालिंग के जरिए दो किशोरियों में पनपे प्यार के चलते कस्बे की एक किशोरी भागकर बिहार प्रांत जा पहुंची थी। पिता की तहरीर पर पुलिस बिहार प्रांत से कस्बे की किशोरी को बरामद कर कोतवाली लाई थी। बिहार की किशोरी सहेली की जुदाई बर्दाश्त न कर पाई और वह भी पीछे-पीछे यहां आ धमकी थी। पुलिस ने नाबालिग होने को लेकर दोनों का मेडिकल कराया। जहां सोमवार को पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश कर उनके कलमबंद बयान कराएगी।

इंस्टाग्राम पर मैसेज व वीडियो कालिंग के जरिए कस्बे के एक मोहल्ले की किशोरी व बिहार प्रांत के जिला दरभंगा के थाना पतौर के एक गांव की किशोरी में प्यार इस कदर हो गया कि बीती 12 जनवरी को कस्बे की किशोरी अपने पिता को बताए बिना घर से रफूचक्कर हो गई थी और जिला दरभंगा निवासी सहेली के घर जा पहुंची थी। पिता ने बेटी की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस को सर्विलांस से जानकारी मिली थी कि किशोरी जिला दरभंगा के थाना पतौर एक गांव में है। पुलिस बीते शनिवार किशोरी को बरामद कर कोतवाली लाई थी। इसके बाद बिहार प्रांत की उसकी सहेली भी पीछे-पीछे कोतवाली आ धमकी थी। कोतवाली में दोनों किशोरियां साथ रहने की जिद पर अड़ी हैं।

दहेज हत्या में पति व जेठ जेठानी गए जेल

सोहरामऊ उन्नाव। सोहरामऊ पुलिस ने दहेज हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। राजेंद्र गुप्ता पुत्र भगवान दास निवासी मोहल्ला खाडेपुर योगेंद्र बिहार थाना नौबस्ता कानपुर नगर ने अपनी बेटी पूजा को उसके सुसरालियों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। इससे ऊबकर पूजा ने आत्महत्या कर ली थी। इस पर सोहरामऊ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की जांच के बाद रविवार को पुलिस ने पति रितेश गुप्ता, उसके बड़े दीपक व उसकी पत्नी ज्योति निवासी गांव शेखपुर थाना सोहरामऊ को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे 61 मरीजों की डॉक्टरों ने देखी सेहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

- आये हुए मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गईं

अमृत विचार। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डॉ. रश्मि वर्मा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 61 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार, सनबर्न के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अमित कुशवाहा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

फंदे से लटककर किशोरी ने की खुदकशी

औरास उन्नाव। औरास थानांतर्गत कस्बा क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने सूने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया था। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कस्बा औरास के चंद्रशेखर आज़ाद नगर मोहल्ला निवासी रविशंकर की 16 वर्षीय बेटी नेहा बीते बुधवार अपने घर में गमछे का फंदा बनाकर लटक गई थी। सीमऊ बाजार से लौटी मां मालती ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसी पहुंचे और उनकी मदद से परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। परिजन उसे कस्बा के एक निजी अस्पताल लाए। लेकिन, हालात गंभीर देख वहां से उसे सीएचसी भेज दिया गया। लेकिन, परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

चोरों ने प्राथमिक स्कूल को बनाया निशाना

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां स्थित एक प्राथमिक विद्यालय का अज्ञात चोरों ने ताला काट दिया। जिसके बाद अंदर रखा सामान पार कर दिया। जानकारी होने पर प्रधानाध्यापिका ने पुलिस को सूचना दी है। सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के देवारा कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम की प्रधानाध्यापिका नीरज तिवारी ने बताया कि स्कूल खुलने वाले हैं। साफ सफाई का काम चल रहा है। बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल के मेनगेट पर लगे चेन को काटने के बाद अंदर घुस गये। जहां कमरे का ताला काट दिया और अंदर रखा स्टेब्लाजर पार कर दिया। जानकारी होने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

किसान की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर पहुंची पुलिस

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बदुआ खेड़ा निवासी एक किसान के भाई ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। जिसके बाद किसान की जमीन पर दबंग जबरन कब्जा करने लगे। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्य रुकवा दिया है। बदुआ खेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उसके भाई कैलाश ने अपने हिस्से की जमीन कानपुर में रहने वाले मोहम्मद आरिफ को बेची थी। आरिफ उसकी जमीन पर भी जबरन कब्जा करना चाहता है। जिसकी शिकायत उसने पूर्व में समाधान दिवस में भी की थी। इसके बावजूद रविवार को आरिफ सुबह दल बल के साथ मौके पर पहुंचा और जमीन पर कब्जा करने लगा। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल के अलावा पुलिस को दी गई। कब्जे की सूचना पर लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दोनों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। उन्होंने बताया कि 1359, 1360 यह उनके भूमिधरी नंबर है। आरिफ मुख्य मार्ग की ओर की जमीन कब्जा करना चाहते हैं।

साहब! दबंग मेरे खेत में जबरन खोल रहा मोहरा

औरास। थानाक्षेत्र के पुरथ्यावां गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी राजकुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव निवासी कन्तू अपना मकान ग्राम समाज की जमीन में बना रहा है। उसने अपना मोहरा उसके खेत मे खोल दिया है। मना करने पर गालीगलौज करते हुए वह मारपीट पर आमादा हो गया। पुलिस ने जांच कर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

निजी व सरकारी जमीनों पर हो रहे हैं कब्जे

हसनगंज उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में दबंगई के बल पर जमीनों पर अवैध कब्जे के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। तहसील व पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैये के चलते निजी जमीनों के साथ ही सरकारी जमीनों पर भी अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। एक मामला हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मटरिया के मजरा बराती खेड़ा गांव का सामने आया है। इसमें लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन किनारे रेवरी काकोरी निवासी रामसनेही पुत्र किशन व विनोद पुत्र शिवकुमार ने जमीन खरीदी थी। बीते शनिवार हुए थाना दिवस पर शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने 13 बिसुआ जमीन खरीदी थी। उसकी जमीन पर लखनऊ, बाराती खेड़ा व मलिहाबाद निवासी लोगों ने अपनी दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। बताया कि वे लोग बीती शुक्रवार रात जमीन पर निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना पर जब वह उन्हें रोकने गया तो उन लोगों ने उसे बांका, डंडा व तमंचा दिखा जान से मारने के लिए दौड़ पड़े। इस पर उसने वहां से भागकर जान बचाई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच की जा रही है।

धर्म-आस्था बीघापुर क्षेत्र में स्थित बैजनाथेश्वर धाम में चल रही है भागवत कथा

भक्तों को सुनाई पूतना वध की कथा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

कथा सुनाते आचार्य।

अमृत विचार। बीघापुर क्षेत्र के रावतपुर गांव स्थित बैजनाथेश्वर धाम में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में व्यास जी ने पांचवें दिन पूतना उद्धार, शकटासुर वध, कालिया नाग मर्दन, गोपी चीर हरण प्रसंग कथा का रसपान कराया। कथावाचक ने कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने कंस के आतंक से नष्ट किये जा रहे सामाजिक ताने-बाने को ठीक किया। प्रभु ने नदियों में नग्न स्नान की कुरीति को सामाजिकता के प्रतिकूल बताते हुए लोगों को ऐसी कुप्रथाओं से बचने का आह्वान किया। सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध शंखनाद कर श्रीकृष्ण ने समाज, राष्ट्र को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा जो ईश्वर की शरण में आकर सर्व मंगल की भावना को धारण करता है। वहीं मनुष्यता को प्राप्त हो जाता है।

कथावाचक वीरेश त्रिपाठी ने कहा कि कंस अपने वध करने वाले बच्चे के जन्म की आकाशवाणी सुनकर परेशान हो उठा। कंस से सभी नवजात बच्चों को अपने राज्य में मार देने का आदेश दिया था। नंद बाबा के यहां जन्मे श्रीकृष्ण को मारने के लिए पूतना पहुंची। लेकिन भगवान कृष्ण ने खेल-खेल में उसके प्राण ले लिए, शकटासुर का भी कृष्ण ने वध कर दिया। जिस पर कंस द्वारा भेजे गए राक्षस अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सके। कथावाचक ने कालीदह में रहने वाले कालिया नाग की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने समाज के लिए कष्ट दायक कालीदह को कालिया नाग को मारकर उसे समाज के लिए उपयोगी बनाया। कृष्ण के कालीदह में कूद जाने पर कालिदह तट पर मां यशोदा व पूरा नंद गांव रो पड़ा। यमुना में निर्वस्त्र होकर स्नान करने वाली गोपिकाओं के वस्त्र हरण कर उन्हें भविष्य में नदियों में नग्न स्नान न करने की चेतावनी दी। गोवर्धन पूजा का प्रचलन कर उन्होंने समाज को दिशा दी। इस मौके श्यामू शुक्ला, दिनेश बाजपेयी, डॉ शैलेष त्रिपाठी, अशोक तिवारी, महेन्द्र तिवारी, दिलीप अवस्थी, के के शुक्ला, शैलेन्द्र मिश्रा व गौरव अवस्थी सहित अन्य श्रीमद्भागवत कथा श्रोता मौजूद रहे।

घर जा रहे युवक पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी एक युवक शनिवार देर रात घर जा रहा था, तभी कंचन नगर मोड़ के पास दबंगों ने उसे रोक लिया और बेल्टे, कट्टे की बट और धारदार हथियार से हमला बोल दिया।

कंचन नगर निवासी अश्वनी ने बताया कि शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे वह अपने कार्यालय से घर जा रहा था, तभी कंचन नगर मोड़ के पास आम खरीदने लगा। इस दौरान आजाद नगर निवासी सूरज निषाद, सूरज उर्फ चीनू, नरेश उर्फ कल्लू, ऋषि नगर निवासी मुन्ना माइकल ने अपने आठ-दस साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और जातिसूचक गलियां देने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसे बेल्ट, कट्टे की बट और धारदार हथियार से मारा पीटा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। बीच सड़क पर आधे घंटे तक मारपीट होती रही। जिससे आने जाने वाले लोग रुक गये। वहीं अश्वनी को दबंगों ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इसी बीच योगेन्द्र मिश्रा मारपीट का वीडियो बनाने लगा। जिस पर दबंगों ने मोबाइल छीन कर मोबाइल तोड़ दिया। घायलावस्था में अश्वनी कोतवाली पहुंचा और जानकारी दी। वहीं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वॉयरल हुआ। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आजाद नगर निवासी सूरज निषाद, सूरज उर्फ चीनू, नरेश उर्फ कल्लू, ऋषि नगर निवासी मुन्ना माइकल समेत नौ के खिलाफ जानलेवा हमला, दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।

घर से निकला युवक लापता गुमशुदगी दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आंनद नगर निवासी एक ओईएफ कर्मी का बेटा शनिवार को घर से निकला। जिसके बाद से वह लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। पता न चलने पर गंगाघाट कोतवाली में पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई

आनंद नगर निवासी सूर्यकांत दीक्षित ने रविवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह ओईएफ कर्मी हैं। उनका बेटा पुष्कर दीक्षित (21) स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। शनिवार शाम करीब 6 बजे बेटा घर से किसी काम के लिये निकला। जिसके बाद घर नहीं लौटा। इतना ही नहीं दोस्तों और रिश्तेदारी में पता लगाया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इंस्पेक्टर ने बताया तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

गरीबों का 76 क्विंटल राशन खा गया कोटेदार, रिपोर्ट दर्ज

पूर्ति निरीक्षक की जांच में घोटाला मिलने के बाद दुकान हुई निलंबित

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। सदर तहसील क्षेत्र के लालपुर गांव के कोटेदार ने जून माह में गरीबों को मिलने वाले सरकारी राशन को बाजार में बेच दिया। कार्डधारकों को लगातार यह कहकर लौटाया जा रहा था कि सर्वर न आने से फिंगर नहीं लग रहा है। कई दिनों तक राशन न मिलने पर कार्डधारकों को संदेह हुआ तो सभी ने इसकी शिकायत की। पूर्ति निरीक्षक की जांच में घोटाले का खुलासा हुआ है।

लालपुर गांव की राशन दुकान से 67 अंत्योदय कार्डधारकों के 198 लाभार्थी व 292 पात्र गृहस्थी के 1250 लाभार्थियों को राशन मिलता है। जून माह के गरीबों के 76 क्विंटल राशन की वहां के कोटेदार ने कालाबाजारी कर ली।

कार्डधारक जब अपना राशन लेने पहुंचते थे तो कोटेदार मशीन में सर्वर न होने से फिंगर न लगने की बात कह उन्हें लौटा देता था। कई दिनों तक राशन न मिलने पर कार्डधारकों को संदेह हुआ तो उन्होंने सप्लाई इंस्पेक्टर से इसकी शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक जांच करने गांव पहुंचे तो कोटेदार के गोदाम में राशन का एक दाना नहीं मिला। पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट उच्चाधिकारी को सौंपी हैं।

बोले जिम्मेदार

सप्लाई इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी कोटेदार की राशन दुकान निलंबित कर दी गई है। साथ ही उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रायबरेली का युवक गंगा नहाते समय डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गोताखोरों ने चार घंटे बाद निकाला शव
- बक्सर घाट में नहाते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। बारासगवर थानांतर्गत चंद्रिका माता मंदिर दर्शन करने आया युवक बक्सर में गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। फूफा ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन, सफल नहीं हो सके। पुलिस ने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाया तब चार घंटे बाद उसका शव बाहर निकाला जा सका।

रायबरेली जिला के थाना सरेनी क्षेत्र के गांव झूलपुर निवासी प्रीत (20) पुत्र मनमोहन प्रजापति परिवार के साथ बारासगवर थानाक्षेत्र के मां चंद्रिका देवी धाम दर्शन करने आया था। रविवार सुबह दर्शन से पूर्व बक्सर गंगा तट पर सभी स्नान कर रहे थे। तभी प्रीत नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ में रहे फूफा राम नरेश ने उसे हाथ पकड़कर बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के कारण उसका हाथ छूट गया और प्रीत तेज बहाव में बह गया। उसे डूबता देख परिजनों में चीख पुकार मच गयी। मां विंदेश्वरी अपने सामने बेटे को डूबता देख बेहोश हो गई। वहीं बारासगवर थानाक्षेत्र के निहालीखेड़ा गांव निवासी बुआ मनीषा व गंगादुलारी भी बेहाल हो गईं। सूचना पर बक्सर चौकी इंचार्ज प्रेमनारायण सरोज पहुंचे और शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाकर तलाश कराई। चार घंटे बाद उसका शव करीब 100 मीटर दूर से गोताखोर बाहर निकाल पाए।

आम आदमी की पहुंच से दूर है दशहरी आम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। महंगा होने से फलों का राजा आम (दशहरी) अभी आम आदमी की पहुंच से दूर बना है। बाजार में फिलहाल 60-70 रुपये बिक रही दशहरी की कीमत सुनकर लोगों को मायूस होकर बिना खरीदे ही वापस लौटना पड़ रहा है। हालांकि खूबसूरत दिख रही उपज में अभी आवश्यकतानुसार मिठास नहीं है।

दुकान में बिक्री के लिए सजा दशहरी आम। अमृत विचार

जिले के पांच ब्लाक क्षेत्र फल पट्टी क्षेत्र घोषित हैं, जहां बहुतायत से दशहरी सहित अन्य प्रजातियों के आम बागान हैं। बड़ी मात्रा में आम का उत्पादक जिले के रूप में शामिल होने के बावजूद आर्थिक रूप से कमजोर स्थानीय लोगों को अभी दशहरी मयस्सर नहीं हो पा रही है। यह बात दूसरी है कि सीधे बागानों व नवीन कृषि मंडी के माध्यम से बाजार में पर्याप्त मात्रा में आम की आवक होने लगी। सड़कों सहित गलियों में जहां फेरी वाले घूमते दिखते हैं। वहीं पुलिस क्लब के सामने, एसपी आफिस चौराहा व बड़ा चौराहा दर्जनों फुटकर कारोबारी आम बेच रहे हैं।

फल विक्रेताओं के पास से गुजरते हुए फलों के राजा आम के आकर्षण में लोग दुकानों तक पहुंच जाते हैं, लेकिन भाव सुन मोलभाव करने के बाद उन्हें बैरंग वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। फल विक्रेताओं के मुताबिक डाल का पका आम बागों से ही महंगा आ रहा है। पिछले साल की अपेक्षा फसल कम है। साथ ही गर्मी की वजह से बिना पके टूटकर गिरने वाले फल से नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश होने का सिलसिला जारी होने के बाद दाम में मामूली गिरावट आ सकती है, लेकिन इस बार 15-20 रुपये किलो भाव पहुंचने की उम्मीद नहीं है। वह स्वीकार करते हैं कि महंगाई के चलते कारोबार काफी मंदा चल रहा है।

एक नजर

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

गंजमुरादाबाद। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सहसराएं निवासी सरजू (55) पुत्र लल्लू बीती शनिवार शाम साइकिल से पड़ोसी गांव बहलोलपुर बाजार आया था। वापस घर लौटते समय लखनऊ -आगरा एक्सप्रेस-वे अंडरपास के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें उसकी साइकिल चकनाचूर हो गई और साइकिल सवार सरजू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जहरीले कीड़े के काटने से महिला गंभीर, भर्ती

गंजमुरादाबाद। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतसिया के मजरा मितान पुरवा निवासी श्रीराम की 40 वर्षीय पत्नी विमला देवी बीती शनिवार शाम घर में रोजमर्रा का काम कर रही थी। तभी अचानक कोठरी में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

उमस बढ़ा रही बेचैनी, बादल धूप से दिला रहे निजात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर में गर्मी से राहत देने वाली बारिश भले नहीं हो रही लेकिन, बादलों की आवाजाही जारी रहने से लोगों को तेज धूप से राहत मिल रही है। हालांकि, उमस बढ़ने से निकल रहा पसीना सभी को बेचैन कर रहा है।

आषाढ़ माह शुरू होने के बाद भी शहर में इंद्रदेव की कृपा नहीं हो रही है। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू है। इससे दिन के समय सूर्य के बादलों की ओट में छिपते ही राहगीरों को तेज धूप से राहत मिल जाती है। रविवार सुबह व दोपहर बाद बादलों की आवाजाही जारी रही। इससे अवकाश के दिन लोग आराम से घरों से निकलकर कामकाज निपटाते रहे। हालांकि, पूरी दोपहर तेज धूप बनी रही। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे बमुश्किल पांच मिनट हल्की

दोपहर बाद आसमान पर छाए बादलों की ओट में छिपे सूर्यदेव। अमृत विचार

बूंदाबांदी हुई। इसके बाद से उमस में वृद्धि हो गई। जिससे निकलने वाला पसीना शरीर को पूरे दिन चिपचिपा बनाए रखता है। इससे इस भीषण गर्मी में लोग पूरे दिन बेचैनी अनुभव करते रहते हैं। वैसे मौसम विभाग ने 25 जून से प्रदेश में बारिश शुरू होने की संभावना जताई है। लेकिन, लोगों का कहना है कि बादलों की आवक व बढ़ी हुई उमस किसी भी समय बारिश शुरू करा सकता है। प्राकृतिक वातावरण बारिश शुरू होने का संकेत दे रहा है। इसलिए एक-दो दिन में झमाझम बारिश शुरू हो सकती है।

प्रदूषित जल पीने को मजबूर हैं लोग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कोविड महामारी के चलते परियोजना अवधि बढ़ाए जाने के बाद भी जल निगम शहरवासियों को अब तक अमृत पेयजल नहीं उपलब्ध करा सका है। इससे लोगों को पुरानी जर्जर पाइप लाइनों से आपूर्ति किया जा रहा प्रदूषित पेयजल पीना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी लेट-लतीफी का ठीकरा नगर प्रशासन के साथ सभासदों पर फोड़ते हैं।

बीते वर्ष कार्य पूर्ण न होने पर प्रशासन ने लाइन बिछाने की समयावधि चालू वित्तीय वर्ष के मई-जून माह तक परियोजना पूर्ण करने की अवधि बढ़वाई थी, लेकिन जून का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी आवास विकास कालोनी व मोतीनगर सहित कुछ अन्य मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य जारी है। लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण न होने की वजह से शहरवासियों को अमृत पेयजल के रूप में आरओ युक्त शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे लोगों को पालिका

मोतीनगर ओवरब्रिज के नीचे अमृत पेयजल लाइन बिछाने को रखे पाइप।

- परियोजना पूर्ण होने की बढ़ाई गई अवधि में भी जल निगम नहीं बिछवा सका पाइप लाइन

द्वारा पुरानी जर्जर लाइनों से की जा रही जलापूर्ति के प्रदूषित पेयजल का उपयोग करना पड़ रहा है। रामपुरी मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अधिकांश घरों में काफी झाग वाला पानी आ रहा है, जिससे पीने के लिए हैंड पंपों से भरकर पानी लाना पड़ रहा है।

इसी तरह आवास विकास कालोनी में भी आए दिन प्रदूषित मटमैला झागदार पानी की आपूर्ति होने की शिकायत मिल रही है। वहीं सिद्धनाथ मंदिर व पुरानी बाजार के आसपास के मोहल्लों में नाकाफी जलापूर्ति लोगों की मुसीबत बनी है।

इस संबंध में जेई जलकल विवेक वर्मा ने प्रदूषित पानी की सप्लाई से इंकार करते हुए कहा कि कभी नाले-नालियों से होकर जाने वाली लाइन टूटने पर ऐसी समस्या आती है। लेकिन शिकायत मिलते ही उसकी मरम्मत कराई जाती है। कहा कि कभी-कभी पहली खेड़ा नलकूप में तकनीकी खराबी से संबंधित क्षेत्र में आपूर्ति की समस्या होती है तो वहां टैंकर भेजकर लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाता है।

सार-संक्षेप

पैर फिसलने से छत से नीचे गिरी बच्ची, रेफर

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव अंगने खेड़ा निवासी बब्लू की छह वर्षीय बेटी खुशी बीती शनिवार शाम घर की छत पर खेल रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर आ गिरी। सिर में चोट लगने से बच्ची गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

पलटा पड़ा डीसीएम। अमृत विचार

चालक को झपकी आने से हाईवे पर पलटा डीसीएम, दो घायल

गंजमुरादाबाद। बस्ती जिला के थाना दुबौलिया अंतर्गत गांव चना गुलारी निवासी सूरज दुबे पुत्र प्रेम प्रकाश अपनी डीसीएम में सिलीगुड़ी असम के फल व्यापारी जमीरुल हसन का कच्चे अनानास फल लादकर दिल्ली जा रहा था। तभी रास्ते में रविवार सुबह बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव रसूलपुर के सामने चालक को अचानक झपकी आ गई। जिससे तेज रफ्तार डीसीएम एक्सप्रेस-वे की साइड सेफ्टी ग्रिल तोड़ते हुए सड़क किनारे ढाल पर पलट गई। इसमें चालक व व्यापारी को मामूली चोटें आ गईं। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने अपने चिकित्सा कर्मियों से दोनों का इलाज कराने के बाद हाइड्रा से डीसीएम को सीधा कराया।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रावतपुर गांव का मामला
- बड़े भाई ने पारिवारिक लोगों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी युवक का शव पेड़ पर लटका देख वहां से निकल रहे ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। बड़े भाई ने पारिवारिक लोगों की प्रताड़ना से ऊबकर फांसी लगाने की बात बताई है।

रावतपुर गांव निवासी अनुराग मिश्र (34) पुत्र यज्ञ प्रकाश की अभी शादी नहीं हुई थी। वह गांव में अपने खेत के पास पान-मसाला की गुमटी रखे था और उसी से जीविका चलाता था। रविवार सुबह सोकर उठने के बाद वह घर से बिना कुछ बताए निकल गया और काफी देर तक नहीं लौटा। परिजन उसे तलाशने निकले। तभी ग्रामीणों ने उसी के बाग में आम के पेड़ से रस्सी के फंदे से उसका शव लटका देखा तो वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया और मोर्चरी भेजा। बड़े भाई अरविंद ने बताया कि पारिवारिक चचेरे भाई उसे संपति के विवाद में परेशान करते थे और दुकान में मादक पदार्थ बेचने के आरोप जेल भिजवाने की धमकी देते थे। इसी से वह बहुत परेशान था। लेकिन, पुलिस को इस संबंध में परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी।

नाला चोक होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- राहगीरों में विभाग के प्रति फैल रही नाराजगी
- गलियों में दोपहिया वाहनों के निकलने से होती परेशानी

अमृत विचार। शहर में नालियां चोक होकर ओवरफ्लो हो रही हैं। रास्तों पर गंदा पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पालिका अफसरों का कहना है कि पॉलीथिन व अन्य प्लास्टिक कचरा फेंके जाने से समस्या होती है। इसलिए नगर वासियों को कूड़े का निस्तारण सुरक्षित ढंग से पालिका की कूड़ा गाड़ियों के माध्यम से करना चाहिए।

शहर के कलक्टरगंज मोहल्ले में जहां व्यापारी संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के घर के पास, पिछले फाटक व नलकूप के पास अधिकांश समय नालियों का पानी उफनाकर रास्तों पर एकत्र रहता है। इसी तरह मोतीनगर में ओवरब्रिज के बगल से गुजरने वाले मार्ग पर भी नाली का पानी उफनाकर क्षतिग्रस्त मार्ग पर भर

नाला चोक होने से दोपहर में आईबीपी चौराहा पर बहता गंदा पानी। अमृत विचार

रहा है। इसी तरह रामपुरी, केवटा तालाब, बंधूहार, कचौड़ी गली, रामनगर, पुरानी बाजार नुरुद्दीनगर, पीतांबरनगर, छिपियाना, बुधवारी, इंदिरानगर, गांधीनगर, ईदगाह, आवास विकास कालोनी, राजेपुर, जुराखनखेड़ा, कब्बाखेड़ा, किशोरीखेड़ा, कृष्णानगर, कानूनगोयान, गिरजाबाग, ऊंटसार आदि मोहल्लों में आए दिन नालियां चोक हो जाती हैं।

इससे नालियों का पानी उफनाकर रास्तों पर भर जाता है। रास्तों पर गंदा पानी भरने से लोगों खासकर महिलाओं व बच्चों को आवागमन करने में काफी कठिनाई होती है। जलभराव स्थानों से पैदल जाने वालों पर दोपहिया वाहन निकलने पर गंदे पानी की छींटें पड़ती रहती है। गलियों के अलावा कई बार पुराने लखनऊ-कानपुर मार्ग पर छोटा चौराहा, आईबीपी चौराहा व अताउल्ला नाला के पास भी नाले-नालियों का पानी सड़क पर बहने लगता है। पालिका की सेनेट्री इंस्पेक्टर रश्मि पुष्कर के मुताबिक नालियों की नियमित सफाई होती है।

कर्मचारियों द्वारा सफाई करने के बाद लोग पॉलीथिन में भरकर घरों का कूड़ा बाहर फेंक देते हैं, जो नालियों में जाकर बहाव रोक देता है। इसीलिए कभी-कभी गलियों में पानी भरने लगता है। इसी तरह नालों में भी अवरोध खड़ा होने पर ही पानी रुकता है। उन्होंने दावा किया कि इधर अभियान चलाकर जेसीबी से नालों की सफाई कराई जा रही है।

पुलिस लाइन में जोड़े के साथ मौजूद सलाहकार व महिला पुलिस टीम। अमृत विचार

मतभेद भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुए 31 जोड़े

कार्यालय संवाददाता,उन्नाव

अमृत विचार। पुलिस लाइन व जिले के थाना-कोतवाली में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में अलग अलग रह रहे जोड़ों को उनके विवादों के निपटारे के लिए रविवार को बुलाया गया। उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके विवाद खत्म कराकर उन्हें खुशी-खुशी घरों को विदा किया गया।

इसमें परिवार परामर्श केंद्र से 10, महिला थाने से आठ, बेहटा मुजावर थाना से पांच, सोहरामऊ, बिहार व औरास से दो-दो, बांगरमऊ व माखी थाना से एक-एक जोड़ा बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा हुआ। इसमें डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, राजेंद्र सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पांडेय, रामसनेही यादव, अबसार अली, तबस्सुम नफीस व डॉ. सगीर अहमद सहित महिला अरक्षियों की विशेष भूमिका रही।

मनमानी जिम्मेदार अधिकारी सारी चीजें देखते हुए भी आंखें मूंद कर बैठे हुए हैं

नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा, खतरे में जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर में फर्राटा भरने वाले अधिकांश ई-रिक्शा की स्टेयरिंग इन दिनों नाबालिगों के हाथ में है। बिना लाइसेंस के यह चालक तेज रफ्तार में ई-रिक्शा दौड़ाते हैं। जिससे इनमें बैठने वालों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। नाबालिगों के ई-रिक्शा चलाने से नगर में ई-रिक्शा पलटने व टकराने की कई घटनाएं भी चुकी हैं। इन्हें फर्राटा भरते देखने के बाद भी पुलिस कार्रवाई करना तो दूर उन्हें ट्रैफिक नियमों को बताना भी मुनासिब नहीं समझती।

बता दें कि इन दिनों शहर के अलावा जिले भर में ई-रिक्शा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार बने हुए हैं। यही कारण है कि शहर में बड़ी तादाद में युवक ई-रिक्शा चलाते दिख रहे हैं। यह चालक बिना इंडीकेटर जलाए ही अचानक वाहन मोड़ देते हैं। इतना ही नहीं सवारियां बैठाने के लिए अचानक बीच सड़क पर ब्रेक लगा देते हैं। जिससे पीछे व सामने से आने वाले वाहनों के उनसे टकराने का भय बना रहता है। इन दिनों शहर में चल रहे अधिकांश ई-रिक्शा को नाबालिग ही चला रहे हैं। वे रिक्शा को तेज रफ्तार में भगाते हैं और जैसे रोड पर किसी गड्ढे में पहिया जाता है रिक्शा पलट जाता है। जिससे उसमें बैठी सवारियां घायल हो जाती हैं। इन हादसों व नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाते देखने के बाद भी ट्रैफिक व कोतवाली पुलिस उन पर कार्रवाई करना तो दूर उन्हें रोकना तक मुनासिब नहीं समझती है।

शहर में ई-रिक्शा दौड़ाता नाबालिग। अमृत विचार

5500 ई-रिक्शों का है पंजीयन

जिलें में करीब साढ़े पांच हजार रिक्शों का पंजीकरण है। इनमें से सिर्फ शहर भर में ही करीब तीन से चार हजार से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं। जबकि पूरे जिले में इससे कई गुना ई-रिक्शा फर्राटा भर रहे हैं। ऐस में यह साफ है कि जिले भर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा बिना पंजीयन के ही दौड़ रहे हैं।

बोले यातायात प्रभारी

यातायात प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शहर में समय-समय पर ई-रिक्शों की चेकिंग की जाती है। पहले भी चेकिंग अभियान चलाकर नाबालिग वर्ग को रिक्शा व अन्य वाहन चलाने से रोका गया है। जो नाबालिग वाहन चलाते पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

घटनाकारी डंपर के नंबर के आधार पर दर्ज हुई रिपोर्ट

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव दलीगढ़ी निवासी इसरार की पावर हाउस के पास पंचर की दुकान है। जहां उसका मोहल्ले का ही रिश्तेदार निसार काम करता था। बगल में क्षेत्र के भूपतिपुर गांव का ओमप्रकाश भी घर बनवाकर परिवार के साथ रह रहा था। शनिवार रात निसार व ओमप्रकाश का बेटा सौरभ पंचर की दुकान पर थे। तभी उन्नाव से आ रहे डंपर ने दोनों को कुचल दिया था। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं डंपर चालक डंपर लेकर मौके से भाग गया था। पुलिस को पेट्रोल पंप के पास डंपर खड़ा मिला था। पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने सौरभ के शव का गांव स्थित खेत में व निसार का पश्चिम टोला स्थित कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

छुट्टी के दिन भी हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय व ईओ संजय कुमार गौतम आदि ने रविवार को भी अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखा। इस दौरान जहां जेसीबी से अवैध कब्जेदारी समाप्त कराई जाती रही। वहीं अधिकारी दुकानदारों को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की सलाह भी देते रहे।

जिलाधिकारी गौरांग राठी शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने जहां बड़ा चौराहा सहित आसपास का स्वयं निरीक्षण कर चुके हैं। वहीं कार्यभार संभालने के बाद से अब तक इधर-उधर आवागमन करते हुए जाम से आम लोगों सहित लखनऊ-कानपुर के बीच आवाजाही करने वालों की परेशानियों से भी वाकिफ हो चुके हैं। इसीलिए उन्होंने न सिर्फ बैठकों में मातहतों को जाम की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए, बल्कि स्वयं सड़क पर उतर कर मातहतों को एक्टिव मोड पर ला चुके हैं।

दुकानदारों को कब्जे हटाने का अल्टीमेटम देतीं एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व अन्य।

यही कारण है कि रविवार को चौथे दिन भी अधिकारियों ने शहर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाने का सिलसिला जारी रखा। दोपहर तक अभियान न चलने से सभी कारोबारी निश्चिंतता से ग्राहक निपटा रहे थे, लेकिन दोपहर बाद बड़ा चौराहा के पास जेसीबी सहित सुरक्षाकर्मी व पालिका कर्मचारी पहुंच गए। इससे दुकानों के बाहर आगे तक बारदाना सजाकर बैठे दुकानदारों ने अपना सामान अंदर करना शुरू कर दिया। अधिकारियों के मौके पर पहुंचते ही अतिक्रमण विरोधी दस्ते में शामिल कर्मचारियों ने निगाह में आने वाली अस्थाई कब्जेदारी वाली सामग्री हटानी शुरू कर दी। यही नहीं अधिकारियों सहित दस्ते के पीछे-पीछे जेसीबी भी चलती रही। इस दौरान अधिकारी कारोबारियों को अवैध कब्जेदारी न करने की नसीहत देते रहे।

एक नजर

महिला ने गांव के युवक पर लगाया मारपीट का आरोप

शाहाबाद, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा की एक महिला ने गांव के एक युवक पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी मीना देवी पत्नी प्रदीप कुमार ने बताया वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव का हीरालाल पुत्र गुमानी हाथ में बांका लेकर आया और उसके पति को ललकारते हुए कहा कहां है उसे बुलाओ, उसने कहा वह खेत गए हैं। तो विपक्षी ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

मोटरसाइकिल सवार मोबाइल छीनकर फरार

शाहाबाद, अमृत विचार। कोतवाली की कांशीराम कालोनी निवासी युवक ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों पर मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। कांशीराम कालोनी के ब्लॉक 41 के मकान नंबर 481 निवासी अकरम पुत्र ताहिर खां ने बताया वह शनिवार की रात 9 .30 बजे बस स्टैंड से घर वापस जा रहा था। तभी ब्लॉक चौराहे के आगे दो अज्ञात लाल मोटरसाइकिल सवार युवक उसके हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। मोबाइल में पड़े सिम उसके पिता के नाम पर हैं। उसने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही स्थिति साफ हो जाएगी।

डंपर से कुचलकर युवक की गई जान

पूर्व राज्यमंत्री के आवास के सामने हुआ हादसा, चालक डंपर छोड़कर फरार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। घर में छप्पर के लिए तिरपाल खरीद कर लौट रहे साइकिल सवार को बघौली चौराहे पर पूर्व राज्यमंत्री के आवास के सामने मिट्टी से लदे पीएनसी कंपनी का डंपर कुचलते हुए निकल गया, जिससे युवक की वहीं पर मौत हो गई, इस बीच ड्राइवर डंपर वहीं छोड़ कर भाग निकला। इस बीच वहां जाम जैसे हालात बनने लगे, उसी बीच पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए डंपर को हटाया। बताया गया है कि बघौली थाने के रामधाम मढ़िया मजरा लोधी निवासी 30 वर्षीय सरोज पुत्र हीरा लाल रविवार की सुबह अपने घर के छप्पर के लिए तिरपाल खरीद कर माधौगंज रोड बघौली चौराहे से साइकिल से लौट रहा था, उसी बीच पूर्व राज्यमंत्री रामकुमार कुरील के आवास के सामने माधौगंज की तरफ से मिट्टी लाल कर लौट रहे पीएनसी कंपनी के डंपर ने सरोज को कुचल दिया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई, उसी बीच ड्राइवर डंपर को वहीं छोड़ कर भाग गया। हादसा होने से वहां जाम जैसे हालात बनने लगे, उसी बीच बघौली पुलिस चौकई इंचार्ज सुरेश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और भीड़ को हटाते हुए शव को कब्ज़े में लेते हुए वहां खड़े डंपर को हटवाया। पांच भाइयों में सबसे छोटा सरोज खेती-बाड़ी के अलावा मज़दूरी भी कर लेता था, उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ करीब पांच साल से मायके में ही रह रही है। सरोज के घर वालों के बीच कोहराम मच गया।

सरोज।

घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

सामने आया कुत्ता, अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी कार

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। कस्बा किनारे असमधा मार्ग पर कुत्ते सामने आ जाने से एक एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। कार सवार युवक बाल बाल बच गए और वह शीशा तोड़कर बाहर निकले। घटनास्थल पर पशुओं के अवशेष पड़े होने से आवारा कुत्ते दर्जनों की संख्या में बने रहते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते हैं। हादसे में एक्सयूवी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह को निगोही निवासी हैप्पी अपनी बुआ को उनके घर भोरापुर गांव में सुशील के घर छोड़ने अपने साथी के साथ आया हुआ था। रविवार सुबह को वापस जाते समय पाली कस्बा किनारे असमधा मार्ग पर कार के सामने करीब आधा दर्जन कुत्ते आ गए, जिनको बचाने के चक्कर में कार नियंत्रित होकर पुलिया तोड़ते हुए नाले में जा गिरी। हादसे में हैप्पी और उसका साथ बाल-बाल बच गये, दोनों ने शीशा तोड़कर गाड़ी से निकलकर अपनी जान बचाई। यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। ज्यादातर मामलों में कुत्ते ही कारण बनते हैं।

घटनास्थल पर गिरी कार को देखते लोग। अमृत विचार

हेड कांस्टेबल हुए लाइन हाजिर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने साफ कर दिया है कि पुलिसिंग को और बेहतर बनाने में तोड़ा अटकाने वालों को कतई माफ नहीं किया जाएगा, इसी के चलते उन्होंनें सण्डीला कोतवाली में तैनात तीन हेड कांस्टेबिलों को लाइन हाज़िर कर दिया है। उनके इस कदम से महकमें में खलबली मची हुई है। एसपी श्री गोस्वामी ने शनिवार को जारी आदेश में सण्डीला कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबिल श्रवण कुमार वर्मा, राजीव व प्रवीण प्रकाश को लाइन हाज़िर कर दिया है। जैसा कि बताया गया है कि पिछले दिनों सण्डीला कोतवाली एक युवक अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत ले कर कोतवाली पहुंचा। पुलिस पर आरोप है कि उसे वहीं कोतवाली में रोक लिया, फिर दूसरे पक्ष से 15 हज़ार रुपये ले कर उसे डांट-फटकार लगाई, लेकिन जब उस युवक ने खुद को बे-कुसूर बताते हुए विरोध किया तो वहीं कोतवाली के अंदर उसके ऊपर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया गया। युवक वहां किसी तरह से बाहर निकला और एसपी अपनी से शिकायत की, एसपी ने मामले की जांच सीओ को सौंप दी। उसके बाद हुई कार्रवाई उसी का हिस्सा है।

डाक्टर ने लिखा नो इंजरी

हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली में पिटाई किए जाने का आरोप लगाने वाले युवक का सीएचसी में मेडिकल कराया गया, उसका मेडिकल करने वाले डाक्टर ने रिपोर्ट में लिखा है कि 'नो एक्सटर्नल इंजरी सीन ओवर बॉडी' यानी उसके शरीर के बाहरी हिस्से में कोई चोंट नहीं है।

रुपयों के लेन-देन में कांस्टेबल लाइन हाजिर

हरदोई, अमृत विचार। एसपी श्री गोस्वामी ने कोतवाली शहर में तैनात कांस्टेबिल उमेश कुमार को लाइन हाज़िर दिया है। जैसा कि बताया जा रहा है कि किसी मामले में हुए रुपयों के लेनदेन में उसका नाम आने से एसपी ने इस तरह की कार्रवाई की है। आखिर मामला क्या था ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है।

प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता

प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय की ओर से प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रकृति की खेती को आज की आवश्यकता बताते हुए केंद्र की विषय वस्तु विशेषज्ञ अंजलि साहू ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, गाय के गोबर एवं गोमूत्र का महत्व, हरी खाद, पलवार, मिश्रित खेती, वाफसा एवं सह फसली खेती के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रथम दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज नौटियाल ने बागवानी फसलों में प्राकृतिक खेती के उपयोग की जानकारी देते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु आग्रह किया। सनई ढैचा तथा दलहनी फसलों द्वारा हरी खाद बनाकर खेत में डालकर मिट्टी को उर्वर बनाया जा सकता है इसकी जानकारी केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. त्रिलोकनाथ राय द्वारा दी गई। मडुवा एवं सावा तथा धान की खेती खरीफ मौसम में किस प्रकार की जा सकती है इसकी जानकारी केंद्र की विशेषज्ञ डॉ त्रिलोकी सिंह ने दी। बीजा अमृत का उपयोग करने की जानकारी एवं पांच गव्य के महत्व पर प्रकाश इंद्र के विशेषज्ञ मोहित सिंह द्वारा डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को बीजामृत एवं जीवामृत एवं धन जीवामृत दशपरणी एवं अग्नि अस्त्र आदि बनाकर उपयोग की संपूर्ण विधि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टीकरा कला, बसंतपुर, गंगापुर परीक्षत खेड़ा, मदारी खेड़ा, कुकरा आदि गांवों के किसान एवं महिलाएं उपस्थित रही।

प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी देते विषय विशेषज्ञ। अमृत विचार

525 हिन्दू धार्मिक ग्रंथों को जिला जेल में किया भेंट

जिले की सामाजिक संस्था एसएसएन जनकल्याण समिति ने जेल भ्रमण के दौरान 11 पेड़ भी दिए

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जनपद की सामाजिक संस्था एस एस एन जनकल्याण समिति ने आज़ जिला जेल का भ्रमण जेल अधीक्षक और जेलर के साथ किया। जिसके दौरान संस्था पदाधिकारियों ने जेल में बंद कैदियों से वार्ता की तथा जेल में कैदियों द्वारा धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने की मांग की।

525 पुस्तकों क़ो जेल लाइब्रेरी में रखने के लिए जेल अधीक्षक क़ो दी। जिसमें श्री रामचरितमानस, सुंदरकाण्ड, शिव महापुराण, श्रीमद्भगवत गीता, आरती संग्रह, राष्ट्रीय गीत, सभी दिनों की व्रत कथायें, हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तशती, स्त्रोत्र रत्नावली सहित गीता सार संग्रह आदि प्रदान की। इसके साथ ही बरगद, आम, अनार, अमरूद, शहतूत जेल परिसर में रोपित कराए गए। संस्था के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले समय में वे ऐसे कैदी जो आर्थिक तंगी के चलते हर्जाना न भर पाने के कारण जेल में बंद है उनको संस्था द्वारा हर्जाना भर के तथा भविष्य में कभी कोई अपराध न करने संबंधी शपथ दिलवा कर रिहा करवाने का काम करेंगे ताकि वे आग नेक रास्ते पर चल सकें।

इस मौके पर संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन, श्रद्धा मिश्रा, कल्पना दीक्षित, कु. अनन्या सिंह, रती टंडन, लक्ष्मी मिश्रा, मंजू सिंह, नीलम सिंह, डा सोहिनी द्विवेदी, पवन प्रजापति, पूनम सिंह, प्रीती मिश्रा, विमलेश मिश्र सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जेल अधीक्षक को धार्मिक ग्रंथ भेंट करते सामाजिक संस्था के सदस्य। अमृत विचार

लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले में गर्मी का प्रकोप कम होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 रहा, वहीं न्यूनतम 31.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं से दोपहर में घरों से बाहर निकलने वालों की संख्या काफी कम दिखी। जरूरी काम से लोग सिर ढक कर ही बाहर निकल पाए। गर्म मौसम के चलते बाजारों में दोपहर को सन्नाटा छा जाता है। मौसम वेधशाला के अनुसार एक-दो दिन में बूंदाबांदी के साथ ही तापमान में भी कमी आएगी। बताते चलें कि जिले में लगातार मौसम गर्म होता जा रहा है। गर्म मौसम से दोपहर को बाजारों में सन्नाटा छा जाता है, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के सामने काफी दिक्कतें खड़ी हो रही है। शासन व जिला प्रशासन के तमाम निर्देशों के बावजूद इनको भरने के लिए पंचायतों ने कोई व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में जानवरों को नहलाना व पानी पिलाना पशुपालकों के लिए काफी मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी में उन गोवंशों की है जो गौशालाओं में तपती दोपहरी में टीन शेड के नीचे बंधी रहती हैं।

धूप से बचाव करते लोग। अमृत विचार

बाहरी के हाथों हो रहा डेड बॉडी का पोस्टमार्टम !

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी के साथ लूट किए जाने का खुलासा होने के बाद उसकी ज़द में आए लोग अपने-अपने बचाव का रास्ता ढूंढने के लिए दौड़े-दौड़े फिर रहें है। काम न रुके, इसके लिए डेड बाडी के पोस्टमार्टम के लिए बाहरी की मदद ली जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह से पोस्टमार्टम की सीक्रेसी बनी रहना मुश्किल है।

बताते चलें कि जब से 'अमृत विचार' ने पोस्टमार्टम के दौरान डेड बाडी से लूट करने का खुलासा किया, उसी दिन से वहां तैनात लोगों में ऐसी खलबली मची हुई है कि उनसे सही तरीके से ड्यूटी तक नहीं हो पा रही है। मामले की जांच कर रही तीन सदस्यी समिति ने आरोपियो के बयान दर्ज किए, उसके बाद से बचने-बचाने का सिलसिला और तेज़ हो गया है। रविवार को लूट का आरोपी अपनी ड्यूटी छोड़ कर कुछ हमदर्द लोगों को साथ बचाव के रास्तें ढूंढने में जुटा रहा, जबकि डेड बाडी का पोस्टमार्टम बाहरी लोगों के हाथों कराया जा रहा है। ऐसे में लोगों का कहना है कि बाहरी लोगों के रहने से वहां की सीक्रेसी कैसे बनी रह सकती है ?

महिला से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

शाहाबाद, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार वह छह जून की रात को अपने घर की छत पर सो रही थी। उसका पति बाहर गया हुआ था। रात में 12 बजे गांव का युवक उसकी छत पर चढ़ आया और छेड़छाड़ करने लगा। वह जाग गई तो विपक्षी ने उसका मुंह दबा दिया। विरोध करने पर विपक्षी गाली गलौज करता हुआ भाग गया।

श्री खाटू श्याम चैरिटेबिल ट्रस्ट की टीम ने चार विकेट से जीता मैच

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को एप्टेक अंडर-16 कप का पांचवां मैच खालसा क्लब व श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 के मध्य खेला गया । मैच में टॉस खालसा क्लब के कप्तान अनिकेत सेठी ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए खालसा क्लब ने 20.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रनों का स्कोर खड़ा किया। खालसा क्लब की तरफ से ऋषभ 32 रन, अनिकेत सेठी 21 रन, मानस मिश्रा ने 17 रनों का योगदान किया । श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 की तरफ से अमन पाल 5 विकेट, सानिध्य बंसल तीन विकेट व सत्यम कुमार ने दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 की टीम ने 19 ओवर मे 6 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया । श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट 11 की तरफ से राजन ने 75 रन, आदर्श गुप्ता ने आठ रनों का योगदान किया। खालसा क्लब द्वारा राजा ने तीन, देव गुप्ता व अब्दुल रज्जाक ने 1-1 विकेट लिया।

क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी। अमृत विचार

घर का ताला तोड़कर पूरा सामान समेट ले गई बहू !

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पति के न रहने के बाद उसकी पत्नी बच्चों की परवरिश करने के लिए हरिद्वार को ठिकाना बना लिया, इधर उसकी विधवा बहू खेल कर दिया। उसने अपने भाई व मामा का साथ ले कर घर के ताले तोड़ दिए और वहां जो भी दिखा, सारा का सारा समेट ले गई। पड़ोसियों से पता होने पर वापस लौटी सास ने एसपी से शिकायत की है। बताया गया है कि हरियावां की शशिकान्ती पत्नी स्व.सुशील कुमार त्रिवेदी ने एसपी से की शिकायत में कहा है कि वह हरिद्वार में मज़दूरी करती है और उसके बच्चे पानीपत में पढ़ रहें है। उसकी विधवा बहू सीतू पत्नी स्व. विनय कुमार त्रिवेदी बच्चों के साथ गांव में रहती है। 18 जून की रात करीब 10 बजे अपने भाई सत्यम, अशोक, मामा कमल किशोर उर्फ नीलू व उनके पुत्र अंकित त्रिवेदी के साथ डीसीएम ले कर घर पहुंची, उसने वहां के ताले तोड़ कर सारा सामान बटोर कर उसे अपने मायके नयागांव मजरा भैंसरी थाना टड़ियावां उठा ले गई। शशिकांती का का कहना है कि उसे पड़ोसियों से इस बात का पता चला था, उसे शक है कि बहू उसकी बेटी के ज़ेवर भी उठा ले गई।

नमन भाजपा की ओर से जिले के सभी बूथों पर आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा, जगह-जगह किया गया पौधरोपण

बलिदान दिवस पर याद आए जनसंघ संस्थापक डा . श्यामा प्रसाद

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

भारत के सच्चे सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले के सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता गण सांसद विधायक गण सहित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित बूथों पर स्थानीय बूथ समिति की उपस्थिति में सहभागिता की। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने महुईपुरी के बूथ सं 123 पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर बूथ समिति के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो पार्टी की स्थिति है इस सबके मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जनसंघ के रूप में जो बीजारोपण किया गया था वही है। जिले की सभी विधानसभाओं में विधायकों द्वारा भी अपने बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत की गई पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे। भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एवं राम बहादुर सिंह के साथ तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर द्वारा मोहल्ला वाजिदखेल बूथ पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके अध्यक्ष दीपकमल राठौर ने बताया सम्पूर्ण भारतवर्ष में हम सभी बलिदान दिवस के रूप में मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाते हैं।

इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामसरन राठौर, नगर उपाध्यक्ष सतीश राठौर, सचिन राठौर, सुधीर वर्मा, श्रीपाल, हुकुमचंद, हंसराज, हरिश्चंद्र, कल्लू, पालूं आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन। अमृत विचार

शाहाबाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

जरूरतमंदों में वस्त्र वितरण करते नारायण सेवा समूह के सदस्य। अमृत विचार

नारायण सेवा समूह ने जरूरतमंदों में बांटे कपड़े

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। नारायण सेवा समूह की ओर से 65 जरूरतमंद महिलाओं पुरुषों को विभिन्न क्षेत्रों से चयनित करके उनको वस्त्र वितरित किये गये। डॉ जय राम गुप्ता, सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया कि विभिन्न गांवों से चयनित जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से वस्त्र वितरित किये। आगे भी हर माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान राम स्नेही द्विवेदी, प्रभुदयाल गुप्ता, जय शंकर मिश्रा, रमेश गुप्ता, मनमोहन सिंह, नितिन मिश्रा, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, अरुण सिंह, संदीप अग्रवाल, संजय मिश्रा, तारकनाथ शर्मा, एमए प्रसाद व गोपी कृष्ण आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

> **भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।**

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।

बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्सासहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्ज़ा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतू के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

प्रसंगवश

स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> **उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?**

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सो में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

सोशल फोरम

कृषि विज्ञान के जनक

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ,) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो..!

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

-फेसबुक वॉल से

भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह (हीनयान) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालाँकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक नजर

जमीन विवाद को लेकर महिला को पीटा

कोथावां, अमृत विचार। ननिहाल मे मिली जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, महिला ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। बताते चलें कि काजल सिंह पत्नी अजीत सिंह निवासी पलियारायसिंह पोस्ट अटिया शाहपुर ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनके पति को उनके नाना स्वर्गीय रणवीर सिंह ने अपनी जमींन दे दी थी, जिसको लेकर गांव के ही निवासी श्याम सिंह व राहुल सिंह पुत्रगण स्वर्गीय इन्द्रजीत सिंह आए दिन विवाद करते रहते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बीते रविवार को महिला काजल सिंह नजदीकी पुलिस चौकी कोथावां में दोनों लोगों के खिलाफ तहरीर देकर घर लौट रही थी कि तभी विपक्षियों ने काजल सिंह के दरवाजे पर आकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे व बेल्टों से मारा पीटा, जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं, वहीं ग्रामीणों के मुताबिक कुछ लोगों ने हुई इस वारदात की वीडियो रिकार्डिंग भी की है।

बैंक खाते आधार कार्ड से कराएं लिंक

हरदोई, अमृत विचार। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि जनपद मे संचालित पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में आधार से लिंक बैंक खातो मे पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जाना है। जिन लाभार्थियो के बैंक खाते आधार कार्ड से लिंक नही है वह सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबन्धित बैंक शाखा में जाकर आधार कार्ड लिंक कराते हुये एनसीपीसीआई तथा डीबीटी तत्काल अपडेट करा ले। चालू वित्तीय वर्ष में आधार से लिंक बैंक खाते में ही पेंशन की धनराशि का भुगतान पीएफएमएस के द्वारा उनके बैंकर्स खाते में अन्तरित की जायेगी। इससे काफी सहूलियत मिलेगी।

प्लॉटिंग कारोबारी लगा रहे सरकारी राजस्व को चूना

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

हरदोई, अमृत विचार। नगर क्षेत्र में बड़े प्लाटिंग कारोबारियों ने सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है परंतु प्रशासन की सख्ती के बाद भी किसी भी प्लाटिंग कारोबारियों ने अभी तक अपने कारोबार का पंजीयन नहीं करवाया। अवैध रूप से शाहाबाद नगर क्षेत्र में प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले के साथ चल रहा है। इसमें रजिस्ट्री कार्यालय के लोगों की मिलीभगत भी सामने आई है।

शाहाबाद नगर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से प्लाटिंग का कारोबार तेजी पकड़ गया है । प्लाटिंग के इस कारोबार को अवैध ढंग से संचालित किया जा रहा है। नगर में दो दर्जन से अधिक लोग प्लाटिंग का कारोबार कर रहे हैं, लेकिन इनके पास प्लाटिंग कारोबार का न तो पंजीयन है और न ही इनका कार्य साफ सुथरा है।

इस तरह चल रहा प्लॉटिंग का कारोबार। अमृत विचार

प्लाटिंग मालिक से इन कारोबारियों द्वारा जमीन का एग्रीमेंट करा लिया जाता है और उनसे अपना कमीशन भी तय कर लिया जाता। प्लाटिंग कारोबारियों द्वारा प्लाट का थोड़ा पैसा प्लाट मालिक को उपलब्ध कराने के बाद उसमें प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले से प्रारंभ कर दिया जाता है।

ऐसे में नगर पालिका परिषद के राजस्व को प्रतिदिन हजारों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। यह कारोबारी पूरी तरह से अवैध रूप से कारोबार को संचालित कर रहे हैं।

नियमानुसार प्लाट मालिक से जमीन लेने के बाद प्लाटिंग कारोबारियों को बैनामा कराना चाहिए परंतु प्लाटिंग कारोबारी स्वयं बैनामा न कराकर प्लाट मालिक से टुकड़ों में बैनामा करने का समझौता कर लेते हैं जिससे लाखों रुपए की स्टांप, राजस्व का घाटा होता है। पालिका प्रशासन जमीन खरीदने वाले क्रेता को ढूंढते रह जाते हैं और उनका कोई पता नहीं चल पाता। प्लाटिंग कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है अगर एक प्लाट में दस टुकड़े होते हैं तो इन सभी दस टुकड़ों का क्रेताओं को प्लाट मालिक से ही बैनामा करवाया जाता है। इस तरह से एक बार में लाखों रुपए का स्टांप राजस्व प्लांटिंग कारोबारियों द्वारा बचाया जा रहा है और सरकारी राजस्व को चूना लग रहा है।

उधर, इस मामले में नगरपालिका परिषद के टीआई अनस खां का कहना है कि प्लाटिंग के कारोबार पर नजर रखी जा रही है। खरीद वाले सभी प्लाटों का दाखिल खारिज करवाया जाता है। अगर बिना दाखिल खारिज निर्माण पाया गया तो उसे नोटिस देकर कार्रवाई की जा रही है।

नगरपालिका के राजस्व को लग रहा झटका

प्लाटिंग कारोबारी अपने लाभ के लिए प्लाटिंग मालिक से क्रेता को बैनामा करवाते हैं। उसके बाद क्रेता चूंकि दूरदराज या फिर ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले होते हैं और वह महीनों तथा सालों के लिए गायब हो जाते हैं। ऐसे में नगर पालिका परिषद अपने राजस्व के लिए उन्हें ढूंढती रहती है परंतु प्लाटिंग का क्रेता नहीं मिल पाता। उसके बाद अचानक बिना नगरपालिका के परमिशन लिए अपना प्लाट बनवा लेता है जिससे नगरपालिका का लाखों रुपए राजस्व चोरी किया जा रहा है।

प्लॉट मालिक से क्रेताओं को कराया जाता है बैनामा

प्लॉटिंग कारोबार से जुड़े कारोबारी प्लाटिंग मालिक से बैनामा के बारे में पहले ही सब कुछ तय कर लेते हैं। जिस तरह से टुकड़ों में प्लाटिंग होती है प्लाट मालिक को बुलाकर सीधे टुकड़ों में क्रेताओं को बैनामा करा दिया जाता है। इससे एक बार का स्टांप शुल्क पूरी तरह से चोरी करके सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का चूना लगाया जा रहा।

बाइक चोरी की रिपोर्ट हुई दर्ज

शाहाबाद, अमृत विचार। शाहाबाद में सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मोटरसाइकिल चोर की तलाश शुरू कर दी है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही अंतर्गत ग्राम परा झरसा निवासी रामपाल पुत्र बंधू ने बताया उसका पुत्र विनय कुमार 14 जून को यूपी 27 बी के 3698 स्पेंल्डर प्लस मोटरसाइकिल से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव बारात में गया था।वह अपने साले विमलेश कुमार के साथ कस्बे की सोनालिका एजेंसी के निकट साइकिल सवार को बचाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें उसको चोटे आईं।

कुपोषित बच्चों को करें चिन्हित: जिलाधिकारी

विवेकानंद सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सम्बन्ध में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान ज्वर, आईएलआई व क्षय रोगियों का चिन्हीकरण का कार्य किया जाये। कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाये।

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि विगत वर्षों के मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाये। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में फॉगिंग के लिए रोस्टर बनाया जाये। झाड़ियों की नियमित कटाई की जाये। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाये। नालियों की साफ सफाई करायी जाये। सूकर पालकों को जागरूक किया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा क्षेत्र के कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उचित पोषाहार उपलब्ध कराया जाये तथा आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्रों पर भेजा जाये। स्कूलों में बच्चों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया जाये। डायरिया की सघनता के आंकड़े प्राप्त किये जाएं। वेक्टर जनित रोगों के प्रति जागरूकता के लिए पम्पलेट तैयार किये जाएं और स्कूलों में उपलब्ध कराये जाएं। शिक्षक भी नियमित रूप से बच्चों को बतायें। अधो मानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जागरूक किया जाये। विक्रेताओं को जागरूक किया जाये। मच्छर रोधी पौधों को बढ़ावा दिया जाये। सामुदायिक शौचालयों की संख्या बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ग्रामों में सफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण किया जाये। ब्लॉक व तहसील व जिला स्तर पर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाये। प्रत्येक ग्राम व शहरी वार्डों में शपथ ग्रहण कराया जाये। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज देशदीपक आर्य व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

प्रधान, लेखपाल पर जमीन कब्जा करवाने का आरोप

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। एक विधवा महिला की पैतृक भूमि को ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत के चलते कब्जा किया जा रहा है। विधवा ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य रुकवाने की गुहार लगाई, परंतु निर्माण कार्य लगातार जारी है।

विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के उमरौली गांव की रहने वाली पीड़ित महिला पुष्पा पत्नी स्व. सुरेश चंद्र व घर के सदस्य उमेश चंद्र ,रमेश चंद्र, राजेश कुमार, पुत्रगण श्रीराम ने उपजिलाधिकारी शाहाबाद हरदोई को लिखित शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया कि उनकी आराजी नंबर 1272 रकवा 0.4930 हे0 भूमि को गांव के दबंग ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल द्वारा राहुल पुत्र छुटक्के को भूमि पर जबरदस्ती नीव भरवा कर कब्जा कर रहे हैं।

पीड़ित के मना करने पर दबंग मानने को तैयार नहीं है और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा देते हैं। क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि यह मकान पीड़ित के नंबर में नहीं बन रहा है बल्कि यह ग्राम समाज की जमीन में बन रहा है। जिसे जल्द ही कब्जा मुक्त करा दिया जायेगा। पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

गौसगंज में नालियों की सफाई न होने से बढ़ी लोगों की दिक्कत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सरकार ने गांवों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से सफाई कर्मियों की पंचायत विभाग में तैनाती की गई थी। पंचायत कर्मियों को प्रतिमाह अच्छा खासा वेतन मिलता है। इसके बावजूद गांवों की दशा पहले जैसे ही हैं। गांव वालों को यह भी नहीं पता होता है कि उनके गांव में कौन से सफाई कर्मी तैनात हैं। गौसगंज कस्बे में इन दिनों यह हालात हैं कि गांव की गलियों में पैदल तक निकलना मुश्किल है। नालियों की सफाई न होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर भर गया है। जब गर्मी के दिनों में यह हालात हैं तब बरसात में क्या हाल होगा? इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। गांव में तैनात सफाई कर्मी महीनों झांकने तक नहीं आते हैं। जब समस्या ज्यादा बढ़ जाती है तब ग्रामीणों के शोर शराबा मचाने पर सफाई कर्मी ठेके पर मजदूरों पर ले जाकर सफाई करा देते हैं। सरकार की मंशा यह थी कि शहरों की भांति गांवों में भी साफ सफाई रहे। सरकार की इस मंशा पर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पानी फेरा जा रहा है। गांवों में साफ सफाई न होने से लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा है।

सफाई कर्मचारी कागजों में तैनात

कागजों पर सभी ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मी तैनात हैं, लेकिन अधिकांश सफाई कर्मी गांवों में सफाई न करके प्रधान के घर पर निजी कर्मचारी के रूप में काम रहे हैं। यही नहीं तमाम कर्मचारी अधिकारियों के घरों पर तैनात हैं। कुछ सफाई कर्मी तो जिले के बजाय दूसरे जिलों में अधिकारियों के रिश्तेदारों के यहां ड्यूटी बजा रहे हैं। जब जिम्मेदार ही सफाई कर्मियों का उपयोग अपने निजी कामों में कर रहे हैं, तब गांवों में सफाई की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

कृषि गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेले में किसानों को किया गया जागरूक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम खरीफ वर्ष 2024-25 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन विकासखंड कछौना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले से आये एसएमएस हुकुम सिंह ने किया। मनोज कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप के ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में विस्तार से बताया। जिला सलाहकार प्रेम चंद्र कुशवाहा ने कृषि यंत्रीकरण पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा तथा पीएम किसान सम्मान निधि एवं ई-केवाईसी के बारे में किसानों को विस्तृत रूप से समझाया। प्राविधिक सहायक संतोष कुमार ने ट्राइकोडर्मा एवं बावरिया के उपयोग के बारे में जानकारी दी। मेले के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल कछौना के अध्यक्ष नवीन पटेल ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते सरकार और किसान, गरीब, नवजवान के संबंधों पर चर्चा की। इस मौके पर विजय प्रकाश सिंह, शिवम मिश्रा, मंजेश कुमार, आशीष कुमार, रोहित सिंह, कमलेश कुमार, राजेस्वर वर्मा व ऋषि कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी पुत्र की मौत, साथी जख्मी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर बिलग्राम कोतवाली के सदरपुर के पास हुए हादसे में व्यापारी पुत्र की मौत हो गई और उसका दोस्त बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। बताते है कि दोनों दोस्त समोसे खाने निकले हुए थे और हादसे का शिकार हो गए।

बताया गया है कि माधौगंज कस्बे के मोहल्ला गोखले नगर निवासी व्यापारी आनंद कुमार गुप्ता का 17 वर्षीय पुत्र नैमिष रविवार को बाइक से वहीं के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी अपने 18 वर्षीय दोस्त आयुष पुत्र धर्मेंद्र कुमार सोनी के साथ समोसे खाने के लिए सदरपुर जा रहा था,सदरपुर पहुंचने से पहले ही तेज़ रफ्तार लोडर ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे नैमिष के सिर में गहरी चोंट पहुंची और उसने वहीं पर दम तोड़ दिया,जबकि आयुष बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में आयुष को एम्बुलेंस-108 से पहले सीएचसी पहुंचाया गया,जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। नैमिष दो भाइयों में बड़ा था,एक उसका छोटा भाई प्रिंस है।

सीएचसी में घायल का इलाज कराते पालिका चेयरमैन अनिल राठौर। अमृत विचार

पॉवर हाउस के सामने मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ रोड मन्नापुरवा पॉवर हाउस के बाहर एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा गया। कहा जा रहा है कि अधेड़ की मौत सड़क हादसे में हुई। ड्यूटी कर बाहर निकल रहे चौकीदार ने शव देखा,तो उसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

बताते है कि रविवार की सुबह मन्नापुरवा पॉवर हाउस का चौकीदार नाइट ड्यूटी कर बाहर निकला,तो उसने वहीं सड़क के किनारे अधेड़ का शव देखा। इसका पता होने से वहां काफी लोगों की भीड़ लग गईं। चौकीदार के यूपी-112 पर कॉल करते ही वहां पहुंची पीआरवी टीम ने शव को कब्ज़े में लेते हुए वहां के लोगों से पूछताछ की।

बेहोशी की हालत में मिला अधेड़: हरदोई। शहर में साण्डी रोड पर एक 55 वर्षीय अधेड़ सड़क के किनारे बेहोशी हालत में पड़ा देखा गया। नुमाइश चौराहा निवासी नंदकिशोर शुक्ला ने पुलिस को सूचना दी,जिस पर अधेड़ को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। अधेड़ की पहचान महेश सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह निवासी घमोइया कोतवाली देहात के रूप में की गई।

छात्रा को चाचा ने उतारा था मौत के घाट!

नशे की हालत में की दुष्कर्म की कोशिश, चिल्लाने पर नाक व मुंह दबाकर मार डाला

खुलासा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। महुआ बीनने निकली छात्रा को रिश्ते के चाचा ने पकड़ कर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की,उसके चिल्लाने पर नाक और मुंह दबा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। टड़ियावां पुलिस ने एसओजी/स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से हत्यारे चाचा को दबोच लिया। उसने पुलिस से हुई पूछताछ में सारा कुछ उगल दिया।

बताते चलें कि टड़ियावां थाने के गढ़ी निवासी राजेश की 7 वर्षीय बेटी सत्यमा प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी,19 जून को वह घर से महुआ बीनने निकली थी,उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उसके अगले दिन सत्यमा का शव गांव के बाहर नाले के किनारे गन्ने के खेत में पड़ा हुआ था। उसका शव गन्ने की पतावर में छिपा हुआ था और वही पतावर उसके मुंह में ठुंसी हुई थी। शुरुआत में ही उसकी हत्या किए जाने की बातें कही जा रहीं थी। पुलिस ने राजेश की तहरीर पर गांव के राघवेंद्र के खिलाफ धारा 302/201 के तहत केस दर्ज किया। साथ ही मामले की गहराई से जांच के लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर पुलिस टीमें लगाई गई थी। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि वारदात में कोई दूसरा भी शामिल हो सकता है। जिसका पता लगाने के लिए एसओजी/स्वाट व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। उन्होंनें बताया कि जांच में पता चला कि उसी गांव का छुन्ना पुत्र राम स्वरूप जो कि सत्यमा का रिश्ते में चाचा है,ने वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद से छुन्नू की तलाश की जाने लगी। रविवार को बताया कि छुन्नू लालापुरवा के पास खड़ा है। वहां पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गढ़ी मोड़ पुलिया से दबोच लिया। एएसपी पश्चिमी श्री सिंह ने बताया कि पूछताछ में छुन्नू ने कुबूल किया कि नशे की हालत में उसने सत्यमा को पकड़ा और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की,लेकिन चिल्लाने पर उसकी नाक और मुंह कस के दबा दिया,जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

खुलासा करने वाली टीम

हरदोई, अमृत विचार। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि गढ़ी में हुई वारदात का खुलासा करने में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह और उनकी टीम के अलावा एसओजी/स्वाट टीम प्रभारी ब्रजेश मिश्रा और सर्विलांस टीम प्रभारी आशीष सिंह और उनकी टीम ने हत्यारोपी छुन्नू कहीं भागता,उससे पहले ही चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए उसे बड़ी बहादुरी से दबोच लिया।

रेलवे नहीं रखता यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी को लेकर हर कोई परेशान हैं। गर्मी का सबसे ज्यादा असर आम जन की जिंदगी पर देखने को मिल रहा है। गर्मी में टिकट खिड़की पर घंटों लाइन में लगे लोग बिना पंखा-कूलर के परेशान हो जाते हैं।

गर्मी में रेल यात्रियों की सुविधा व रेलकर्मियों के मनोबल बढ़ाने को कुछ दिन पूर्व डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। डीआरएम ने स्वयं रेल कर्मियों को गर्मी में ट्रेनों के संचालक व कार्य करने में हो रही कठिनाइयों का जिक्र किया और टिकट काउंटर पर गर्मियों में बेहाल यात्रियों की दशा को भी देखा था।

प्रतीक्षालय में शीघ्र कूलर लगाने और पीआरएस काउंटर पर रेल कर्मियों और रेल यात्री दोनों को हो रही असुविधा को देखते हुए रेल अधिकारियों को एसी लगाये जाने की लिए पत्र भी लिखे। निरीक्षण के काफी दिन बीतने के बाद भी अभी तक न ही पीआरएस काउंटर पर एसी लग पाया है और न ही यात्री सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध रेल प्रशासन प्रतीक्षालय में कूलर की व्यवस्था कर पाया है।

महिला की करंट लगने से गई जान

हरदोई, अमृत विचार। बगल में लगे लोहे के पोल से मकान में करंट उतर आया,जिससे वहां झाड़ू-पोछा कर रही महिला उसकी चपेट में आ जाने से मौत हो गई। इस तरह का हादसा शनिवार की शाम को सवायजपुर कोतवाली के सिलवारी गांव में होना बताया जा रहा है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के सिलवारी गांव के सर्वेश कुमार के मकान के बगल में बिजली का लोहे का पोल लगा हुआ है,उसमें हाइटेंशन तार बंधे हुए है। शनिवार की शाम को सर्वेश की 32 वर्षीय साधना शर्मा झाड़ू-पोछा कर रही थी,उसी बीच में वहां करंट उतर आने साधना उसकी चपेट में आ गई।

दबंगों ने घर पर आकर दी धमकी, की गाली-गलौज

संवाददाता, पाली , हरदोई

अमृत विचार। कस्बे के खुजकीपुर बिरहाना में दबंगों ने दरवाजे पर जाकर एक परिवार को गाली गलौज किया और घर में घुसने की कोशिश की। आरोपियों की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तैयारी दी है, जिसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पाली कस्बे के खुजकीपुर बिरहाना निवासी शीला पत्नी नरवीर ने शनिवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि दोपहर को उसके दरवाजे पर आकर जीतू व दीपू पुत्रगण मुकेश, रूवाली पुत्र मचले, मचले व मुकेश पुत्रगण हरिशंकर निवासी मोहल्ला रामनगर ने उसे व उसके पुत्र अक्षय एवं पति नरवीर को गंदी-गंदी मां बहन की गालियां दी और घर में घुसने की कोशिश की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी पूर्णतया झगड़े पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की यह करतूत पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका फुटेज भी सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया है की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है, आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने किया पावर हाउस का घेराव, प्रदर्शन

तीन महीने से बेपटरी है बिजली व्यवस्था, जर्जर तार के चलते कई बार गांव में लग चुकी है भीषण आग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। तीन महीने से बिजली व्यवस्था दुरुस्त न होने से ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव किया। गांव की जर्जर लाइन आए दिन खराब होती रहती है। लाइन जर्जर होने के कारण कई बार गांव में आग भी लग चुकी है। गांव वाले जब जेई से लाइन बदलवाने को कहते हैं तब वह रुपये की मांग करते हैं। विभाग की लापरवाही से आजिज ग्रामीण थाना दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, वहां भी उन्हें टरका दिया, जिस पर उनका गुस्सा भड़क गया और उन्होंने पावर हाउस का घेराव कर लिया। ग्रामीणों की भीड़ देख जेई मौके से भाग गए।

थाना माधौगंज क्षेत्र अंतर्गत चोखेपुरवा की लाइन काफी जर्जर हो चुकी है। पुराने तारों के आपस में टकरा जाने से निकली चिंगारी से कई बार लोगों के घरों में आग लग गई। जरा सी हवा चलने पर गांव की बिजली ठप हो जाती है यह समस्या एक-दो दिनों से नहीं बल्कि तीन महीनों से आ रही है। भीषण गर्मी में लोग जब बिलबिलाकर उता गए तब उनका धैर्य जवाब दे गया। शनिवार को दर्जनों महिला-पुरुष थाना दिवस पर अपनी फरियाद लेकर गए, लेकिन वहां इसी थाने से संबंधित मामला न बताकर टकरा दिया गया, जिस पर गांव वाले माधौगंज पावर हाउस पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव कर लिया। ग्रामीणों का आता देख जेई मौके से भाग खड़े हुए। पावर हाउस पर पहुंचे गांव के रामपाल, विजय शंकर, रामशंकर, रामश्री तथा उमा ने बताया कि गांव की लाइन बहुत ही जर्जर है, जरा सी हवा में तार टूट कर उनके घरों में गिर जाते हैं, जिससे कई बार उनके घरों में आग लग चुकी है। जर्जर लाइन होने की वजह से कभी भी बिजली सही नहीं आती है। ज्यादातर बिजली खराब ही रहती है। लाइनमैन जब गांव वालों पैसे इकट्ठा देकर देते हैं, तब वह जैसे-तैसे जर्जर तारों को जोड़ कर काम चला जाता है। गांव के लोगों ने कई बार जेई से तार बदलवाने को कहा कि इसके बदले 20 हजार रुपये की मांग करते हैं। गांव वालों ने यह भी कहा कि फोन कर वह जेई को गांव की बदहाल बिजली व्यवस्था को बताने का प्रयास करते हैं, लेकिन वह कभी फोन नहीं उठाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्या का निदान न हुआ तो वह जिला मुख्यालय पर अपनी फरियाद करेंगे जाकर। इस संबंध में जब जेई से बात करने का प्रयास किया गया, तब उनका फोन रिसीव ही नहीं हुआ।

पावर हाउस का घेराव करते ग्रामीण। अमृत विचार

एक नजर

पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मूडी खेरा में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गये। नसीम खां ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार देर शाम वह दरवाजे पर बैठा था तभी पुरानी रंजिश को लेकर गुलफान, रिजवान, इमरान, कासिम ने पीड़ित को गालियां दीं और लात-घूंसों व लाठी-डंडों से पीटा जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की पत्नी रहीनुमा व भाभी शबनम पत्नी सलीम उसे बचाने लगी तब उन लोगों ने उन्हें भी पीटा। जिससे तीनों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डाक्टरी परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं किसी ने मारपीट की घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर छापा

सीतापुर अमृत विचार। विकास क्षेत्र रेउसा में स्वास्थ्य टीम ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर छापा मारा। अवैध क्लीनिक संचालकों को नोटिस देकर तीन में जवाब देने के निर्देश दिए। सीएचसी प्रभारी अनंत मिश्र ने बताया कि विभागीय उच्च अधिक्कारियो के निर्देशन में अभियान चलाकर राजपुर क्योटाना चौराहे पर संशाद क्लीनिक, जीशान मेडिकल स्टोर, क्लीनिक, चांद क्लीनिक आदि तीन जगहों पर छापेमारी की गई। कोई भी संचालक कागजात नहीं दिखा पाए। वे अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन करते मिले। नोटिस थमाते हुए तीन दिन में अपने डाक्यूमेंट्स, साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। अगर साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करते हैं तो संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दो दिवसीय मेले का आयोजन

सीतापुर, अमृत विचार। विकास क्षेत्र रेउसा के थांनगांव कटरा स्थित प्राचीन महापुरुष बाबा देव स्थान पर ज्येष्ठ माह की अंतिम पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूरदराज से आकर लोगों ने दुकानें लगाईं। कास्मेटिक व्यापारी, दीप सिंह, मिष्ठान भंडार गुड्डू गुप्ता, ज्वैलर्स व्यापारी सुशील दीक्षित, मन्दिर के पुजारी राजेश दीक्षित महराज आदि ने बताया कि स्थानीय इलाके लोगों के अलावा दूसरे जिलों, बहराइच, बाराबंकी, कानपुर आदि से श्रद्धालु आते हैं।

गोमती नदी में मृत मिला मगरमच्छ

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। पिसावां क्षेत्र के प्रेमपुर गांव के निकट गोमती नदी में रविवार को मृत मगरमच्छ देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन दरोगा राहुल कुमार ने बताया कि पीएम में डॉक्टर ने दो दिन पहले मगरमच्छ की मौत होने की पुष्टि की।

हम सबके प्रेरणास्रोत हैं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : मेहरोत्रा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सीतापुर नगर 2 के शक्ति केंद्र निषादनगर में जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अशोक राठौर के आवास पर गोष्ठी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह व संचालन महामंत्री अनीत मिश्रा ने किया।

मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी हम सबके प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने राष्ट्र का मुकुट बचाने के लिए प्राण न्योछावर कर दिये। श्री मेहरोत्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक निशान-एक विधान-एक प्रधान के प्रणेता थे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे एवं राष्ट्रीय एकता-अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले थे। सभा के अंत में जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अशोक राठौर ने सभी का आभार जताया। इस दौरान जिला मंत्री जया सिंह, नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, विनोद त्रिपाठी, संदीप अवस्थी, विजय शुक्ला, संतोष शुक्ला, अनीत मिश्र, चंद शेखर, आकाश मिश्र, आकाश राय, सुरेश दीक्षित, मयंक राठौर, राकेश गुप्ता पिंकू, श्री कृष्ण मिश्रा, ऋषभ त्रिवेदी, शिव कुमार, मयंक राठौर, मुद्दसर खान, आशिफ, रिशभ आदि थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा।

बलिदान दिवस पर बूथ पर याद किए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

भाजपा नि. जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने अपने गृह बूथ संख्या 243 पर आयोजित कार्यक्रम मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित जिला उपाध्यक्ष करुणाशंकर त्रिपाठी, हरिओम मिश्रा, राजा श्रीवास्तव, दीपिल अरोरा, महेश वर्मा, जिला मंत्री कोआपरेटिव अध्यक्ष विष्णु मौर्या, उत्तम पाण्डेय, राजेश यादव, अनुज दीक्षित, सत्यप्रकाश अवस्थी, विनय त्रिपाठी, उमेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

सीतापुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक व राष्ट्रवादी विचारक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक व राजनीतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा नगर इकाई वन व रामकोट गद्दीपुर शक्ति केंद्र पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गद्दीपुर में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सौभाग्यशाली हैं कि हमें राष्ट्रवादी विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों पर चलने का अवसर प्राप्त हुआ है और हमें अपनी मां भारती की सेवा और उनकी अखंडता बनाए रखने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोई एक व्यक्ति नहीं थे। वह अखंड भारत की पवित्र विचारधारा थे।

श्रद्धांजलि देने के दौरान मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व कार्यकर्ता।

जिपं सदस्य और वार्ड ब्वाय में हुई मारपीट

जिला अस्पताल में शव के अंतिम दर्शन को लेकर हुआ विवाद, डॉक्टरों ने ठप कर दी इमरजेंसी सेवा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली नगर इलाके में जिला पंचायत सदस्य और जिला अस्पताल के कर्मियों से विवाद के बाद मारपीट हो गई। मारपीट की वजह शव के अंतिम दर्शन को लेकर वार्डब्वाय और जिला पंचायत सदस्य के बीच हुई कहासुनी थी। मारपीट के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं को तत्काल प्रभाव से ठप कर चैंबर बंद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शनिवार देर रात डॉक्टरों की हड़ताल की सूचना पर एडीएम नीतीश कुमार और सिटी मजिस्ट्रेट सहित शहर कोतवाल ने पहुंचकर सीएमएस से वार्ता कर करीब आधे घंटे से बंद इमरजेंसी की हड़ताल को खत्म कराया।

शनिवार देर शाम मानपुर थाना इलाके के ग्राम चौबेपुर निवासी रामसागर अवस्थी (45) टेम्पो से कहीं जा रहे थे। कमलापुर इलाके में टेम्पो पलटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जिला अस्पताल लाते समय रामसागर की रास्ते में ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने शव को शवगृह में रखवा दिया। आरोप है कि रात करीब सवा नौ बजे इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनूप त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। शव के अंतिम दर्शन को लेकर अस्पताल के वार्ड ब्वाय पुनीत और कामरान से कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी इस कदर बढ़ी कि जिला पंचायत सदस्य और अस्पताल कर्मियों की मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना मिलते ही अस्पताल के कर्मचारी और डॉक्टर नाराज हो गये और इमरजेंसी सेवाओं को बंद करते हुए इमरजेंसी वार्ड को बंद कर दिया। अस्पताल में हड़ताल की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अफसरों में हड़कंप मच गया।

मारपीट के बाद इमरजेंसी कक्ष के दरवाजे को स्ट्रेचर से बांधकर ठप की गई स्वास्थ्य सेवाएं व बाहर मौजूद लोग। अमृत विचार

एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

जिला अस्पताल में हड़ताल की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीएम नीतीश कुमार और सिटी मजिस्ट्रेट सहित नगर कोतवाल अनूप त्रिपाठी ने पहुंचकर सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह सहित कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। आधे घंटे तक तक बंद रही स्वास्थ्य सेवाएं आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई के आश्वासन पर पुनः शुरू कराई जा सकी। स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होने के बाद असफरों और अस्पताल में भर्ती मरीजों ने राहत की सांस ली।

स्ट्रेचर पर लेटकर डॉक्टरों का इंतजार करते रहे मरीज

जिला अस्पताल में मारपीट के बाद करीब आधे घंटे तक चली हड़ताल के दौरान इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीजों को भीषण गर्मी के बीच स्ट्रेचर पर ही लेट कर इन्तजार करना पड़ा। इस दौरान कुछ मरीजों ने इमरजेंसी ओपीडी कक्ष के दरवाजे पर स्ट्रेचर बंधा हुआ देखकर प्राइवेट अस्पतालों की ओर भी रुख किया। हड़ताल के दौरान पेट दर्द से कराह रही एक महिला स्ट्रेचर पर डॉक्टरों का इन्तजार करती रही।

डॉक्टरों का इंतजार करती बुजुर्ग महिला।

हड़ताल के बाद खाली इमरजेंसी कक्ष।

क्या बोले जिम्मेदार

"वार्ड ब्वाय के साथ हुई मारपीट के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी थी। प्रशासनिक अफसरों ने बातचीत के बाद हड़ताल खत्म करा दी। पीड़ित पक्ष की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

–अनूप शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

"यह 140 साल पुराना हॉस्पिटल है। रोजाना करीब 250 से 300 मरीज ओपीडी में आता है। अगर कर्मचारियों से कोई मारपीट करेगा तो विरोध और हड़ताल करना जरूरी है जिससे शासन प्रशासन मदद करते हुए कार्रवाई करे।

–डॉ. इंद्र सिंह, 0सीएमएस, जिला अस्पताल,

भ्रष्टाचार के आरोप निराधार दुर्भावना से प्रेरितः ब्लाक प्रमुख

संवाददाता, सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। सिधौली ब्लाक प्रमुख रामबख्श रावत ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनके काम करने की आक्रामक शैली से विरोधियों में खलबली मची है और वे उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

गौरतलब है कि लगभग एक दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एसडीएम व खण्ड विकास अधिकारी सिधौली से लिखित शिकायत करते हुए क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि सिधौली ब्लाक क्षेत्र में सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, नाला, नाली निर्माण में ब्लाक प्रमुख रामबख्श रावत ने धांधली की है। इस प्रकरण पर पूछे जाने पर रामबख्श रावत ने कहा कि कुछ लोगों की शह पर यह सब किया जा रहा है और आरोप लगाकर उनकी व भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस अभियान को दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में दूसरी पार्टियों के तमाम नेता भाजपा में शामिल हुए थे। ये नेता अब भी दिल से भाजपा के साथ नहीं हैं और पार्टी को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे लोग ही इस षड्यंत्र के पीछे हैं और उन्होंने ही लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराने का काम किया है।

सार-संक्षेप

अंगूठा लगवाकर सिर्फ चावल दे रहा कोटेदार

उचित दर विक्रेता के खिलाफ प्रदर्शन करते कार्डधारक। अमृत विचार

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। विकास खण्ड सिधौली अन्तर्गत ग्राम पंचायत किरतापुर के दर्जनों निवासियों ने गांव के उचित दर विक्रेता पर खाद्यान्न वितरण में घोटाला करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिए गए सामूहिक प्रार्थनापत्र में कार्डधारकों ने बताया है कि जून माह में कोटेदार द्वारा प्रत्येक कार्डधारक से बायोमैट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवाकर राशन में केवल गेहूं दिया जा रहा है। चावल का वितरण नहीं किया जा रहा है। कार्डधारकों के विरोध किये जाने पर कोटेदार ने अभद्रता कर धमकी दी। कार्डधारकों का आरोप है कि कोटेदार दबंग किस्म की महिला है और उसके विरुद्ध घटतौली, अनियमित वितरण, मनमानी तथा अभद्रता की शिकायतें कई बार सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों की मांग है कि स्थलीय जांच कर व ग्रामीणों के बयान लेकर विपक्षी कोटेदार के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाये और कोटा निरस्त किया जाए।

जेसीबी से खाली कराई गई सरकारी जमीन

सुरक्षा के लिए गांव में मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बनियानी गांव में राजकिशोर ने घूरे की जमीन पर अवैध कब्जा कर पास में लगे हैंडपंप को बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर अंदर कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर रविवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी से निर्माण हटवाकर हैंडपंप को बाउंड्रीवाल से बाहर कराया। साथ ही इसी गांव में राज्य सरकार की जमीन पर रघुवीर ने कब्जा कर रखा था। उसे भी राजस्व टीम ने कब्जामुक्त कराया। इस मौके पर नायब तहसीलदार महेन्द्र तिवारी, लेखपाल रमाकांत व पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

विशेष समुदाय परिवार ने अपनाया सनातन धर्म

सनातन धर्म अपनाने वाला परिवार। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। रेउसा थाना इलाके में शनिवार को विकास क्षेत्र रेउसा अंतर्गत एक विशेष समुदाय परिवार ने तहसील के उच्च अधिकारियों समक्ष लिखापढ़ी के साथ सनातन धर्म में वापसी की। थानगांव के राजपुर क्योंटाना निवासी लाल मोहम्मद पत्नी गुलशन, पुत्र समीर, शान मोहम्मद ने तहसील बिसवां में उच्च अधिकारियों के समक्ष लिखा-पढ़ी कर हिन्दू रीति-रिवाज अनुसार सनातन धर्म स्वीकार कर लिया। पविार ने बताया कि वे लोग कथा, भागवत व भजन कीर्तनों में जाते थे। इसका हमारे समुदाय के लोगों ने विरोध किया। हमारे घर को तारों से घेर दिया। बंधक बना दिया। हमने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल प्रखण्ड रेउसा संगठन को पूरी आपबीती बताई। तहसील बिसवां में उच्च अधिकारियों के समक्ष शपथपूर्वक सनातन धर्म को स्वीकार कर लिया। पत्नी का नाम गुलशन से बदलकर आरती देवी, लाल मोहम्मद से रामलाल, शान मोहम्मद से शशिकान्त व जान मोहम्द से लवकुश रखा।

बाइक पर रील बनाना पड़ा महंगा

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक बाइक पर सवार होकर रील बनाकर वायरल करना चार युवकों को महंगा पड़ा। बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और साथ ही वीडियो में दिख रही बाइक को सीज कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद-रेउसा मार्ग पर एक बाइक पर चार युवक सवार होकर हुड़दंग कर रहे थे इसका वीडियो कई सोशल मीडिया हैंडल पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी चक्रेश मिश्रा ने इसका संज्ञान लिया और वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान शुरू कर दी गई थी। वीडियो में चार लड़के एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे। पुलिस ने कोतवाल के नेतृत्व में वायरल वीडियों की जांच शुरू की, जिसके बाद अर्पित विश्वकर्मा पुत्र सन्तशरण निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा और ललित कुमार पुत्र हैसियत सिंह निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा थाना रामपुर मथुरा को रविवार को हिरासत में लिया। यह दोनों युवक अपने दो अन्य किशोर साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे अर्पित विश्वकर्मा और ललित कुमार पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। वहीं बाइक पर सवार दो अन्य नाबालिग किशोरों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

बाइक सवार चार युवा।

5 हजार महिलाओं ने किया सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर

अमृत विचार। रविवार को नैमिष स्थित हनुमानगढ़ी खाटू श्याम कथा सत्संग हाल हनुमानजी के जयकारों से गूंज उठा। सत्य सनातन नारी शक्ति लखनऊ के तत्वावधान में पांच हजार महिलाओं ने एक साथ सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया।

यह कार्यक्रम हनुमानगढ़ी महंत बजरंगदास, 1008 पवन दास के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिणेश्वर हनुमानजी के श्रृंगार और पूजन आरती से किया गया। पहली बार नैमिषारण्य की पावन भूमि पर 5000 महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। साथ ही राष्ट्रीय उत्थान और विश्व कल्याण की कामना की गई। सपना गोयल ने बताया कि भारत की पावन भूमि संतों की भूमि है। कार्यक्रम में प्रदेश के कई जिलों के साथ मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उड़ीसा, कर्नाटक व महाराष्ट्र आदि राज्यों से श्रद्धालु शामिल हुए। सत्य सनातन नारी शक्ति संगठन के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 51 शक्ति सनातनी महिला शक्ति केंद्र बनाए गए हैं। इस कार्यक्रम को संपन्न करने में मुख्य रूप से भागीरथी, कौशल्या वसुंधरा अष्टभुजी चंद्रघंटा, मीरा और लखनऊ से राधावल्लभ शक्तिपीठ की महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन प्रदेश शुक्ला और शिवम गुप्ता ने प्रभावी रूप से किया।

नैमिषारण्य में सुन्दरकांड का पाठ करती महिलाएं। अमृत विचार

लापरवाही सुस्त ढंग से हो रहा करोड़ों की परियोजनाओं का काम, धीरे-धीरे सरयू नदी ने शुरू की कटान, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल

दो माह में केवल ढाई किमी ही हो सका ड्रेजिंग व चेनलाइजेशन का कार्य

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। तटबंध सहित अंदर बसे गांवों के अस्तित्व को बचाने के लिए करीब तीन वर्षों से चलाई जा करोड़ों की लागत की परियोजनाएं तय समय में पूरी न होने से यहां के बाशिंदों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस वर्ष भी महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे परियोजना के तहत सिंचाई विभाग द्वारा करीब 5 किमी की लंबाई में ड्रेजिंग व चेनलाइजेशन का कार्य करीब 2 माह से चल रहा है। दो माह में केवल 2 से ढाई किमी की लंबाई में कार्य हुआ है।

तटवासियों के अनुसार जून माह के अंत नदी में पानी तेजी से बढ़ जाता है। उस समय कार्य होना असंभव है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कार्य 20 से 25 जून तक पूर्ण हो जाना चाहिए था। यदि कार्य तय समय में पूर्ण नहीं हो पाया तो अब तक हुए करोड़ों रुपये का कार्य भी नदी की अथाह धारा में बह जाएगा और इसका कोई लाभ यहां के ग्रामीणों को नहीं मिलेगा। इस समय भी सरयू नदी धीरे-धीरे कटान शुरू कर चुकी है। कटान के सबसे नजदीक बसे देवराज तिवारी ने बताया कि इधर करीब 3 वर्षों से इस तरह की 3 परियोजनाओं के नाम पर कई करोड़ रुपये गांवों के अस्तित्व को बचाने के नाम पर खर्च किये हैं। पक्की बनाई गई ठोकरों की वजह से बाबा कुटी के पास कटान कुछ कम हुई है। रामनरेश ने बताया कि यहां इस विभाग के कोई अधिकारी प्रशांत कुमार आते है। उनसे जब कोई जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो वह कहते है कि आप कौन होते है । कार्य की सुस्ती को देखते ऐसा लग रहा है कि अखरी गांव में बचे 8 घर भी इस वर्ष की कटान में बह जाएंगे। राजू ने बताया कि ड्रेजिंग व चैनलाइजेशन में जेसीबी द्वारा करीब 12 फिट चौड़ा व 5 या 6 मीटर गहराई में एक नाला बनाकर ड्रेजिंग मशीन से उसमें नदी की मुख्य धारा को लाने का प्रयास किया जा रहा है,जिसके पिछले बार के परिणाम अच्छे नहीं रहे। धारा मोड़ने के कार्य तय समय में पूरे नहीं हुए थे, इसके चलते तीन गांवो के 30 से 35 घर नदी में बह गए। गत वर्षों में कटान बचाने के नाम पर खर्च हुए बजट की बात करें तो वर्ष 2020-21 में सिंचाई एवं जल संसाधन विभागश तथा कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ के द्वारा 937.46 लाख रुपए की लागत से करीब 4.5 किमी लंबा ड्रेजिंग एवं चैनिलाईजेशन कार्य करवाया गया जिसका बाढ़ आते ही नामो निशान मिट गया। विगत वर्ष अंगरौरा गांव के पास तीन पक्की ठोकरों का निर्माण करवाया गया था। सागर ने बताया कि जब से ठोकर बनी है तब से कटान नहीं हुई। इंजीनियर प्रशांत कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने थोड़ी देर में जानकारी देने की बात कही,किन्तु इसके बाद फोन नहीं उठाया। हैरत की बात यह भी है कि इस परियोजना की जानकारी न तो एसडीएम को है और न ही सिंचाई विभाग के किसी अधिकारी को। एसडीएम शिखा शुक्ला ने भी इंजीनियर से बात करने का प्रयास किया किन्तु फोन नहीं उठा।

नदी में किया जा रहा ड्रेजिंग व चेनलाइजेशन का कार्य। अमृत विचार

एक नजर

महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

इटियाथोक, अमृत विचार : इटियाथोक थाना क्षेत्र के पैदामी पुरवा मौजा लोहशीशा की रहने वाली एक महिला ने 15 जून को इटियाथोक थाने पर गांव के ही रमेश व कोयलहे पुत्र गण गुरु प्रसाद व संदीप पुत्र सियाराम पर छेड़छाड़ मारपीट व धमकी का आरोप लगाया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि रात को बाहर लेटी हुई थी उपरोक्त तीनों लोग आए और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। मना करने पर मारपीट व जान से मार डालने की धमकी दी। शोर मचाया तब तक आसपास के लोग जुटे। धमकी देते हुए लोग भाग गए। पुलिस ने 15 जून को दिए गए प्रार्थना पत्र पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। महिला कार्रवाई के लिए थाने का चक्कर लगा रही है।

अभद्रता करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत टिकरी के बिहारीपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने केस दर्ज कराया है कि शुक्रवार दोपहर वो टिकरी प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह के साथ पंचायत करने गांव के रामदेव के घर गए थे। जहां कीर्तिवर्धन सिंह, हर्षवर्धन सिंह व अमित कुमार सिंह निवासी टिकरी ने अभद्रता करते हुए मुक्का, थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

कनेक्शन कटने के बाद भी आ रही बिजली

रुपईडीह, अमृत विचार : पांच साल पहले बिजली का कनेक्शन काटे जाने के बावजूद कस्बा आर्य नगर निवासी जगन्नाथ शुक्ल ने बिजली का बिल आने की शिकायत विद्युत वितरण खंड कर्नलगंज के अधिशासी अभियंता से की है। अधिशासी अभियंता ने शीघ्र ही मामले की जांच कर कर कार्रवाई कराए जाने का निर्देश दिया है।

दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने बाइक सवार महिला के कुंडल नोचे

अनियंत्रित हुई बाइक, अनहोनी टली, भाई के साथ ससुराल जा रही थी विवाहिता

संवाददाता, महोली/सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली इलाके में 25 दिन में दूसरी लूट की वारदात ने पुलिस सजगता की पोल खोल दी है। रविवार को भाई के साथ बाइक से ससुराल जा रही महिला के सरेराह बाइक सवार बदमाश कुंडल नोचकर फरार हो गये। दो जिलों को जोड़ने वाले व्यस्ततम मार्ग पर हुई इस वारदात ने पुलिस के दावों की कलई खोल दी है। घंटों बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं पा सकी है। मामला बड़ागांव चौकी क्षेत्र के ढखिया-परसेहरा गांव का है।

लखीमपुर खीरी के थाना नीमगांव की बेहजम चौकी के अंतर्गत ग्राम बढ़रिया निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र राजकुमार सिंह ने कोतवाली महोली में तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपनी बाइक से अपने छोटे भाई और बहन को बिठाकर उसकी ससुराल छोड़ने महोली कोतवाली क्षेत्र के कठिघरा गांव आ रहा था। रास्ते में जब उसकी बाइक मितौली-बड़ागांव मार्ग पर ढखिया-परसेहरा गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक अपाचे बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसके बराबर बाइक लाकर पीछे बैठी बहन के कान से कुंडल नोच लिये और बड़ागांव की ओर फरार हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने घटनास्थल पर जाकर जांच-पड़ताल की और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं मिला।

लूट के दौरान हो सकता था बड़ा हादसा

पीड़ित वीरेंद्र ने बताया कि बाइक पर बैठे एक बदमाश ने जब उसकी बहन का कुंडल नोचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। पीड़ित ने बताया कि हादसे के दौरान वह बाइक को संभाल ले गया, अगर बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाती तो अनहोनी हो सकती थी। वीरेंद्र का दावा है कि अपाचे बाइक पर तीनों बदमाशों ने काले रंग के कपड़े से अपने चेहरे को छुपा रखा था।

25 दिन में लूट की दूसरी वारदात

मालूम हो कि 28 मई को मितौली थाना क्षेत्र के हैदरपुर निवासी रामनिवास अपनी पत्नी रुची तथा अपने एक मासूम बच्चे के साथ हरदोई जिले के माधौगंज कस्बा स्थित अपनी ससुराल से वापस मितौली जा रहे थे। इस दौरान शाम करीब 8 बजे जब वह बड़ागांव चौकी क्षेत्र के कृषि फार्म के निकट पहुंचे तभी बाइक सवार दो युवकों ने चलती बाइक से रुचि के गले से चेन लूटने का प्रयास किया। झपट्टा मारने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाद में पता चला कि रुचि के गले का मंगलसूत्र गायब था। पुलिस ने केस तो दर्ज किया लेकिन बदमाशों का सुराग आज तक नहीं पा सकी।

मितौली-बड़ागांव मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने दूसरी बाइक पर सवार एक महिला के कान से कुंडल नोचा है। मामले के संबंध में तहरीर मिली है। मामले में केस दर्ज कर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

-उमाकांत शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक, महोली,

एसडीएम से मिलेगी ई-रिक्शा यूनियन

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

ईदगाह में समस्याओं पर चर्चा करते यूनियन महामंत्री अजीत कुमार वर्मा।

अमृत विचार। नगर क्षेत्र के बिसवां तिराहा गेट के निकट रविवार को ईदगाह स्थल बाग में ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर ई-रिक्शा यूनियन की बैठक महामंत्री अजीत वर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ई रिक्शा चालकों ने आरोप लगाया कि बस संचालक व मैनेजरों द्वारा ई-रिक्शा चालकों को परेशान कर उनसे अभद्रता की जाती हैं और ई रिक्शा में बैठी सवारियों को उतार लिया जाता है जिससे ई रिक्शा चालकों के कार्य मे बाधा उत्पन्न होती है। सवारियां न मिलने से रोजी-रोटी का भी संकट उत्पन्न हो रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के निदान के लिए सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी व कोतवाली प्रभारी से मिलकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेगा। इस मौके पर छैल बिहारी मिश्रा, शाहरुख, असद बेग, नुरुल हक, डब्लू गुप्ता, नन्दा गोस्वामी, रिजवान, उदय राज, अनिल कुमार, दुर्गेश , विनायक, सोनू मौर्य सहित बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक मौजूद थे।

हैंडओवर नहीं हुआ सामुदायिक शौचालय

संवाददाता, बेलसर

अमृत विचार: एक साल बाद भी सामुदायिक शौचालय हैंडओवर नहीं हो सका है। जिम्मेदार एकदूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। नगर पंचायत के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी ब्लॉक मुख्यालय पर बनाए गए सामुदायिक शौचालय को हैंडओवर नहीं किया गया। ऐसे में नगर पंचायत क्षेत्र सहित ब्लॉक मुख्यालय, बाल विकास कार्यालय, पशु चिकित्सालय, सीएचसी सहित अन्य विभागों को आने-जाने वाले लोगों को खुले में शौच जाने की मजबूरी है। अधिक दिक्कत ब्लॉक मुख्यालय आने वाली महिलाओं को हो रही है।

सचिन ने कहा कि सरकार चाहती है कि लोगों को जागरूक करके खुले में शौच करने से रोका जाए लेकिन ब्लॉक मुख्यालय पर सामुदायिक शौचालय पर ताला लगा होने से लोगों मजबूर होकर खुले में शौच जाना पड़ रहा है। सब्जी विक्रेता महेश मौर्य ने कहा सरकार की योजना सही है लेकिन इसका संचालन करने वाले लोग सही नहीं हैं। व्यवसायी पवन शुक्ल ने कहा ब्लॉक मुख्यालय पर आने वाली महिलाएं टायलेट की खोज में इधर-उधर भटकती रहती हैं। लेकिन विभाग का कोई जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। शिवनाथ गुप्ता भोजवाल ने कहा ब्लॉक से लेकर गांव पंचायत स्तर तक सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति ठीक नहीं है। सरकार को एक गोपनीय कमेटी गठित करके जांच करानी चाहिए।

इस बारे में बीडीओ बेलसर विजयकांत मिश्र ने कहा नगर पंचायत गठन के बाद यह नगर पंचायत की संपत्ति हो गई है यह उनकी जिम्मेदारी है। ईओ नगर पंचायत अनुराग शुक्ल ने बताया कि बीडीओ को हमें हैंडओवर करना चाहिए।

पति का पता लगाने एवं ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी ठेकेदार पर महिला ने पति को लुधियाना से लापता करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर न्याय की गुहार लगाई है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासिनी रोशनी पत्नी ठाकुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति की तबियत खराब होने पर ठेकेदार लालता निवासी ग्राम नवीनगर कोतवाली लहरपुर, पीड़िता व उसके पति ठाकुर के साथ कश्मीर से घर आ रहे थे। लुधियाना स्टेशन पर ठेकेदार लालता उतर गया और सभी को स्टेशन के बाहर बैठा दिया। इसके बाद दो अन्य व्यक्ति आ गए और ठेकेदार ने उनसे पैसे लिए और ठेकेदार लालता मौके से निकल गया। उपरोक्त दोनो लोग उसके पति ठाकुर को पकड़कर ले गए। गांव आने पर पीड़िता ने 20 जून को प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने दोबारा कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

पांच वांछित समेत 7 आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार। अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने पांच वांछित और वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दो युवकों को अवैध असलहे के साथ दबोचा। बिसवां पुलिस ने अनीस, सूफियान और गुफरान को गिरफ्तार किया । वहीं रामपुर मथुरा पुलिस ने एक वारंटी बाबूराम निवासी छेदूपुरवा को गिरफ्तार किया है। संदना पुलिस ने मुनेंद्र दीक्षित निवासी गंगूपुर को गिरफ्तार किया।

अवैध असलहा सहित दो गिरफ्तार : लहरपुर पुलिस ने अयान को गिरफ्तार किया है। पिसावां पुलिस ने उमाशंकर आरख को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध शस्त्र मय जिंदा कारतूस बरामद किया है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

कमलापुर/सीतापुर

अमृत विचार। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने की। जिला उपाध्यक्ष करुणाशंकर त्रिपाठी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि आजादी के बाद जम्मू कश्मीर जाने के लिए देश के लोगों को ही परमिट लेने की आवश्यकता होती थी,जिसका विरोध श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने मुखर्जी को पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने कहा कि बलिदान दिवस को लेकर छह जुलाई तक जिले के सभी बूथों पर पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ल ने बताया कि श्यामा प्रसाद ने जनसंघ के संस्थापक रहते हुए जो राष्ट्रवाद और देशभक्ति की नींव डाली थी उस मिशन को प्रधानमंत्री मोदी ने उनके सपने को साकार करते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370, 35 को समाप्त किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री रवि तिवारी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

अंधाधुंध बिजली कटौती ने किया बेहाल

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। ऐसे में अंधाधुंध बिजली कटौती लोगों को और परेशान कर रही है। रविवार को 33 केवी विद्युत लाइन पर काम होने के साथ हुई कटौती ने लोगों का दिन का सुकून छीन लिया। हालांकि रविवार को बादलों की आवाजाही होने से अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री के करीब रहा है। मगर, उमस वाली गर्मी लोगों को परेशान करती रही।

शनिवार सुबह हुई बूंदाबांदी और रविवार को बादलों की वजह से तापमान में भले ही गिरावट आई हो, लेकिन शहरवासियों को उमस वाली गर्मी से राहत नहीं मिली। ऐसे में रविवार को बिजली कटौती ने लोगों को और परेशान करके रख दिया। पहले तो रविवार को 33केवी लाइन पर काम को लेकर हुई घोषित कटौती ने शहरवासियों को परेशान किया और इसके बाद दिन भर में कई बार अघोषित कटौती ने। दिन भर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही। सुबह चार से लेकर छह बजे तक लोगों को थोड़ी राहत जरूर रही, लेकिन उसके बाद पूरे दिन गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया धूप की तेजी भी बढ़ती रही। सूरज के तेवर इतने तल्ख थे कि सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा चलने लगी। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। आने वाले दिनों में बारिश के आसार है। मगर, उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली।

लाइन दुरुस्त करता विद्युतकर्मी।

सार-संक्षेप

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार : डॉ. यथार्थ

डॉ. यथार्थ शुक्ल।

सीतापुर, अमृत विचार। संजय गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. यथार्थ शुक्ल ने नीट को लेकर भाजपा सरकार पर सवालिया निशान खड़े किये हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार हठधर्मिता के चलते परीक्षा नए सिरे से न कराकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को छात्रों के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। डॉ. यथार्थ ने कहा कि नीट के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि के बाद एक सप्ताह डेट बढ़ाई गई, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से एक माह के बाद केवल एक दिन के लिए ये विंडो क्यों खोली गई और उस दिन किसने फॉर्म भरे, इसका खुलासा होना चाहिए। डॉ. यथार्थ ने कहा कि पूरे जिले के अभ्यर्थियों से भेंट कर उन्होंने एमपी राकेश राठौर को पूरी रिपोर्ट सौंपी है जो दिल्ली मे ये आवाज उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर परीक्षा पुनः कराने का निर्णय न हुआ तो जिले में बड़ा आंदोलन शुरू किया जायेगा।

बलिदान दिवस याद किये गए डॉ. मुखर्जी

स्व. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही व अन्य।

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव विधानसभा क्षेत्र के हरगांव, झरेखापुर, नवीनगर, शाहपुर मंडल के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। झरेखापुर मंडल के बूथ नंबर 130,131 नौव्वा महमूदपुर में मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह तथा बूथ नम्बर 115 फतेपुर मातिनपुर में क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने बूथ पर उपस्थित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिक्षाविद के निधन से शोक की लहर

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। अकबरपुर निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद रामगुलाम वर्मा (80) का रविवार को निधन हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। स्व. रामगुलाम वर्मा जनता इंटर कॉलेज कल्याणपुर के पूर्व प्रधानाचार्य एवं वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर अकबरपुर के प्रबंधक एवं नगर क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के अध्यक्ष थे। सपा विधायक अनिल कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, विद्या मंदिर प्रबंधक आशीष मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रमेश मल्होत्रा, हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संतोष कश्यप, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आचार्य एवं प्राचार्य, मास्टर केशव राम वर्मा, मास्टर मूलचंद वर्मा, मास्टर उदयवीर सिंह, मास्टर केदारी लाल, मास्टर दुर्गेश वर्मा, गजराज वर्मा, प्रशांत वर्मा प्रधान, पूर्व प्रधान नीलू गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, अशोक अवस्थी, सुशील वर्मा प्रधान, अमरेंद्र वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, शशि वर्मा, प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज इदरीश, मास्टर शिवकुमार वर्मा, अपना दल विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

खनन कर रही जेसीबी व पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

सीज की गईं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां व जेसीबी

अमृत विचार। अवैध खनन में लगीं पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी को खनन अधिकारी की टीम ने सीज कर दिया। टीम खनन करने वाले लोगों की जांच में जुटी है। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम क्योंटी कला के मीरपुर गांव के करीब अवैध मिट्टी खनन की शिकायत की सूचना पर खनन अधिकारी शालिनी कुमारी ने अपनी टीम के साथ शनिवार की रात्रि दो बजे मौके पर छापा मारा। एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन में लगी मिलीं। मौके से अवैध खनन में संलिप्त लोग फरार हो गये। खनन अधिकारी ने सभी ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं जेसीबी को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। विभाग अब खनन करने वालों की तलाश में जुटा है।

यूपी बोर्डः हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में होगा बदलाव

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: यूपी बोर्ड ने आगामी सत्र से हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में बदलाव की तैयारी कर शुरू कर दी है। इसके तहत हाईस्कूल के छात्रों को छह की जगह दस विषय पढ़ने होंगे, जिसकी कवायद शुरू हो गई है। यूपी बोर्ड ने इसकी सूचना वेबसाइट पर अपलोड कर लोगों से 29 जून तक सुझाव मांगे हैं। बदलाव होने पर हाईस्कूल में हिंदी विषय के साथ छात्रों को देश की 19 भाषाओं में से कोई भी दो भाषा पढ़नी अनिवार्य होगा।

नई शिक्षा नीति-2020 के तहत केंद्र सरकार ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क यानि एनसीएफ-2023 के तहत हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में संशोधन कर दिया है। संशोधित पाठ्यक्रम यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड है। बता दें कि हाईस्कूल के अभी तक छह विषय अनिवार्य रूप से पढ़ाए जा रहे हैं। मगर, बदलाव के बाद छात्र छात्रों को दस विषय पढ़ने होगें। इसके तहत छात्र को तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य हो जाएगा। इनमें हिंदी सबके लिए अनिवार्य रहेगी। इसके अलावा संस्कृत, अंग्रेजी या देश की 19 भाषाओं में से एक भाषा लेनी होगी। चौथा विषय गणित सबके लिए अनिवार्य होगा। इसी तरह विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय भी सभी के लिए अनिवार्य होगा।

आंतरिक मूल्यांकन के होंगे 20 अंक

नए पाठ्यक्रम के मुताबिक हाईस्कूल का पेपर एक हजार अंक का होगा। जबकि अभी तक यह 600 अंक का होता था। दस विषयों में हर विषय 100 का अंक होगा। इसमें 80 अंक की लिखित परीक्षा होगी और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के तहत मिलेगें।

लागू होगी ग्रेड व्यवस्था

पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ सीबीएसई बोर्ड की तरह यूपी बोर्ड में भी ग्रेडिंग सिस्टम शुरू होगा। अंकपत्र में अंकों के सामने ग्रेड भी लिखा आएगा। इसमें 91 से अधिक अंक पर छात्रों को ए-1 ग्रेड मिलेगा। इसी तरह 81 से 90 पर ए-2, 71 से 80 पर बी-1, 61 से 70 पर बी-2, 51 से 60 पर सी-1, 41 से 50 पर सी-2 और 33 से 40 अंक लाने पर डी एवं 0 से 32 अंक लाने पर ई ग्रेड मिलेगा। इस पर दे सकते हैं सुझाव- upmsncf2023@gmail.com

नई शिक्षा नीति के तहत हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है। इसके लिए सुझाव मांगे हैं। इस संबंध में यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर 29 जून तक सुझाव दिए जा सकते हैं।

-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

गला घोंटने से हुई थी युवक की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा

करनैलगंज, अमृत विचार : एक सप्ताह पहले सरयू में डूबे युवक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट में युवक की गला घोंटने से मौत के बाद डूबने का खुलासा हुआ है। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने युवक के साथ नहाने गए दो युवकों पर केस दर्ज किया है। बीते 15 जून को दोपहर बाद करनैलगंज के सरयू नदी में उदयपाल 23 वर्ष निवासी खोदहरी पुरवा भदैया थाना कटरा बाजार की मौत हुई थी। नदी में डूबे युवक के साथ दो अन्य युवक भी सरयू नदी में नहा रहे थे। युवक को डूबता देख दोनों मौके से फरार हो गए थे। घाट पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाने की जद्दोजहद के साथ ही देर शाम शव को बरामद भी कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की गला घोटने से मौत होने की पुष्टि की गई है। जिस पर मृतक उदय पाल के भाई रतनपाल पुत्र चंद्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने अरविंद कुमार निवासी टेपरा धनखर थाना कोतवाली देहात दूसरे युवक गुलशन निवासी दक्षिण पुरवा ठकुरा पुर थाना कोतवाली देहात गोंडा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उसका भाई दोनों आरोपियों के साथ सरयू नदी में स्नान करने गया था और घटना की एक दिन पहले वह दिल्ली से वापस आया था।

नियमों की अनदेखी टैक्स के अभिलेखों में विवेचक तलाश रहे संपत्ति का ब्योरा

शत्रु संपत्ति मामला : अंधेरे में हो रही जांच

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: कथित शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे दारी मामले में जांच दिशाहीन होती जा रही है। प्रशासन की ओर से जो एफआईआर दर्ज कराया गया था वो शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे दारी का था जिसमें मौजूदा पालिकाध्यक्ष को आरोपी बनाया गया था। उन पर आरोप है कि संपत्ति अभिलेखों मे प्रभाव का इस्तेमाल कर कूट रचना की गई है। अब पुलिस सम्पत्ति अभिलेखों की पड़ताल करने की बजाय भटक कर टैक्स अभिलेखों में ध्यान केंद्रित किए हुए है, जबकि शत्रु सम्पत्ति संबंधी सारे दस्तावेज कलेक्ट्रेट के अधीन है। असल अभिलेखों की पड़ताल की बजाए पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है।

जानकार बताते हैं कि यदि विवादित सम्पत्ति जंगम श्रेणी की है तो इससे संबंधित समस्त सम्पत्ति अभिलेख कलेक्ट्रेट दफ्तर में सुरक्षित होंगे।

शत्रु सम्पत्ति नियमावली 2015 में ये हैं तीन उपबंध: शत्रु सम्पत्ति नियमावली 2015 में यह प्रावधान किया गया है कि शत्रु सम्पत्ति की स्थिति आदि से संबंधित समस्त ब्यौरा जिला अधिकारी अथवा जिला कलेक्टर अथवा मुख्य राजस्व अधिकारी ही रखेगा। इसके अतंर्गत तीन उपबंध किए गए हैं। पहला उपबंध उन संपत्तियों का ब्यौरा रखने के लिए किया गया है जिन सम्पत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया जाना है।

दूसरा उपबंध उन सम्पत्तियों का ब्यौरा रखने के लिए किया गया है जिन सम्पत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया जा चुका है, जबकि तीसरा उपबंध घोषित शत्रु संपत्ति से प्राप्त होने वाली आय का ब्यौरा दर्शाने के लिए किया गया है।

टैक्स से जुड़े पांच जिम्मेदारों के पुलिस लेगी बयान

मामले में दर्ज एफआईआर की विवेचना कर रहे पांडे बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज बृजेश गुप्ता ने बताया कि सन् 2001 से 2016 के बीच के सभी कर निर्धारण रजिस्टर पुलिस की नजर में हैं। जिगर गंज वार्ड स्थित इस सम्पत्ति के कराधान को प्रमाणित करने वाले सभी संबंधित लोगों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। टैक्स निरीक्षक कमर रजा सिद्दीकी का निधन हो चुका है। अब पुलिस ने कर निर्धारण अधिकारी शशि कला पांडे, कर निरीक्षक प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, कर्मचारी छेदी लाल सैनी, मनोज गौतम, संदीप समेत मौजूदा ईओ और कर निर्धारण अफसर के बयान लिए जा रहे हैं। हालांकि शत्रु संपत्ति अभिलेखों की जांच कहा तक पहुंची, इस पर कुछ भी नहीं बोले।

एक नजर

ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

35 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने इस साल के लिए भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य तय किया है। इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं इस प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान से जुड़ने वाले हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत

▸▸ लखनऊ को 4 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य

तैयारी करने के निर्देश हैं।

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

भरण-पोषण में करोड़ों खर्च का हिसाब नहीं

14 जिलों ने नहीं दिया गोशालाओं में खर्च का उपभोग प्रमाण, निदेशक ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से 25 तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे

अमृत विचार : प्रदेश में संचालित स्थाई व अस्थाई गोशालाओं में भरण-पोषण के लिए दी गई धनराशि का 14 जिलों ने हिसाब नहीं दिया है। कुछ जिलों ने प्रारूप में बदलाव करके उपभोग प्रमाण उपलब्ध कराए हैं। निदेशक प्रशासन पशुपालन ने ऐसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी देकर 25 जून तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

पिछले वर्ष गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करने के लिए सभी जिलों को करोड़ों रुपये बजट जारी हुआ था। फरवरी से अलग-अलग माह का हाथरस, बदायूं, बहराइच. संतकबीरनगर, अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, बलरामपुर, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, मेरठ, शामली व झांसी ने 100 फीसद खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया है। जबकि करोड़ों रुपये गोशाला संचालन व गोवंशों के भरण-पोषण में खर्च हो चुके हैं। जिसके उपभोग प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं। इस वजह से आगे का बजट रुका है। जो खर्च धनराशि का हिसाब मिलने पर ही आवंटित होगा। कुछ जिलों ने उपभोग प्रमाण पत्र के प्रारूप में बदलाव कर खर्च धनराशि दर्शाई है। यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर निदेशक प्रशासन डॉ. आरएन सिंह से सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही 25 जून तक उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

इतनी है धनराशि

हाथरस 118 लाख, बदायूं 629 लाख, बहराइच 318 लाख, संतकबीरनगर 136 लाख, अयोध्या 282 लाख, अमेठी 339, बाराबंकी 442 लाख, बलरामपुर 163 लाख, उन्नाव 598, रायबरेली 108 लाख, सीतापुर 119 लाख, मेरठ 100 लाख, शामली 158 लाख, हमीरपुर 264 लाख।

मानसून ने दी दस्तक, आज से तेज बारिश के आसार

प्री-मानसून से शनिवार को कई जिलों में हल्की बारिश ने दी राहत, 25 जून से पूरे प्रदेश में होगी झमाझम

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

लखनऊ के 1090 चौराहे पर तेज धूप से बचाव के लिए छाते का सहारा लेतीं महिलाएं।

अमृत विचार: प्रदेश में प्री-मानसून से शनिवार से रविवार के बीच कई जिलों में बरसात हुई। मौसम विभाग ने बांदा जिले में सबसे अधिक 27.2 मिलीमीटर बरसात दर्ज की। भीषण गर्मी की मार झेल रहे बुंदेलखंड में सबसे अधिक तापमान वाले उरई में भी 15 मिमी बारिश हुई। लेकिन झांसी में फुहारे पड़कर रह गईं। यहां केवल एक मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 24 जून से मानसून के सक्रिय होने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना पर अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून के साथ न्यूनतम तापमान में खास गिरावट न होने से रात में उमस बढ़ने के आसार हैं। प्रदेश में बारिश का औसत 1.8 मिमी दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग को को पार करते हुए दक्षिणी सीमा (सोनभद्र) के काफी करीब पहुंच गया है। 2-3 दिन में कभी भी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। 25 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश जबकि 26 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफ़ल व तीव्रता में वृद्धि होगी। कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। लखनऊ में सोमवार को छिटपुट बारिश हो सकती है। 25 जून से वर्षा में वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

22 जून को इन जिलों में हुई बारिशः शनिवार सुबह 8:30 से लेकर शाम 5:00 बजे तक बस्ती में 24, गोरखपुर में 4, वाराणसी 4.1, प्रयागराज 5.8, झांसी 1, उरई 15.2, और बरेली में 2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। आगरा, कानपुर देहात, सोनभद्र, बहराइच में भी हल्की बारिश हुई। अंबेडकर नगर तड़के 3.30 बजे के करीब बारिश हुई।

इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी: बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा,झांसी, ललितपुर।

लखनऊ में रात में रहेगी उमस भरी गर्मी

लखनऊ में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दिन में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। धूप निकलने पर लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। रात का तापमान 29.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात का पारा सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

40-50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

अगले 24 घण्टों में पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। बारिश के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी।

इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, अंबेडकर नगर।

कानपुर रहा सबसे गर्म

रविवार को कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का पारा 41.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 30.7 रहा। उरई 40.8 रहा। प्रयागराज 40.7 और 27 डिग्री रिकार्ड किया गया। फतेहगढ़ अधिकतम 40.4 और न्यूनतम प्रदेश में सबसे अधिक 30.7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

सहायता प्राप्त विद्यालयों को जोड़ेंगे ऑनलाइन प्लेटफार्म से

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश में जल्द ही अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा। समाज कल्याण विभाग ने उप्र. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां सूचीबद्ध कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल ऐप को वास्ट डाटाबेस मैनेजमेंट के लिहाज से विकसित किया जा रहा है और इसके विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा।

महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ हुए निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसीपी एत्मादपुर को दी गई मामले की जांच, पुलिस महकमे में खूब चर्चा

अमृत विचार: आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। साथ ही सर्किल के एसीपी को मामले की जांच सौंप दी है। यह घटना से पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बनी हुई है।

प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। शिकायत में यह भी लिखा कि होली के दिन कार्यालय में जबरन बैठाकर रखा, गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकाया, मेरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने को भी कहा। नई नौकरी है छुड़वाने की भी धमकी दी। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी के लिए मना कर दो,वह उससे शादी करेंगे। उसकी जाति(अनुसूचित)को लेकर भी उल्टा-सीधा बोलते हैं। महिला दारोगा ने प्रार्थना पत्र पर उचित दंडात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उधर, शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त ने एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा से मामले की जांच कराई तो प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी।

कस्टम अधिकारी बन सोना लूटने वाले गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊः फर्जी कस्टम अधिकारी बन सोना व्यापारी के सहायक से ढाई किग्रा सोना लूटने वाले आरोपियों को गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना शाहगंज में सोना व्यापारी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका कर्मचारी 2.5 किलोग्राम सोना लेकर बनवाने के लिए कोलकाता गया और वहां काम नहीं हुआ तो ट्रेन से वापस आ रहा था। तभी आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर दो लोग उसकी सीट पर आ गए और खुद को कस्टम और पुलिस अधिकारी बताते हुए सोना को गैरकानूनी बताते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया।

जयपुर के पटेल नगर निवासी मनीष सोनी की मंशा ज्वैलर्स के नाम से फर्म है। मनीष ने मार्च 2024 में शाहगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मनीष का कहना था कि जनवरी 2024 में उनका कर्मचारी प्रदीप सिंह निवासी सवाई माधोपुर सोने के जेवरात लेकर कोलकाता गया था। डील न होने पर वह जेवरात लेकर सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस से जयपुर लौट रहा था। कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही दो व्यक्ति ट्रेन में चढ़े। खुद को कस्टम अधिकारी बताया। प्रदीप को चेकिंग के नाम पर ट्रेन से उतार लिया। तथा रेलवे ट्रैक पर ले जाते हुए जेवरात से भरा बैग, मोबाइल और नगदी छीन ली थी।

मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा: योगी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी।

स्मृति पार्क में निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊः

▸▸ मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर चढ़ाए फूल

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बहराइच में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि, डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अकल्पनीय कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग और विचारो को आत्मसात करते हुए कार्य करें।

वर्ग पहेली-110

बाएं से दाएं

1. 1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।
4. 1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।
6. दे. इनाम।
7. 1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

ऊपर से नीचे

1. 1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।
2. 1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।
3. 1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।
4. प्रकाशित करना, रोशन करना।
5. 1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



वर्ग पहेली -109 का हल

सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2	5		1	6		4	
	6		8	7				9
8		3		2				1
				4		5		
1								6
		9		3				
5				6		2		7
6				5	1		8	
	4		7	9		1	6	

सुडोकू - 22 का हल

8	6	7	1	5	4	2	9	3
2	3	4	9	8	6	1	5	7
1	5	9	3	2	7	8	6	4
9	1	6	7	3	2	4	8	5
3	7	2	5	4	8	9	1	6
5	4	8	6	9	1	3	7	2
4	9	1	2	7	5	6	3	8
7	2	3	8	6	9	5	4	1
6	8	5	4	1	3	7	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15.54 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

वृष — आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

मिथुन — आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

सिंह — आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

कन्या — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

तुला — आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

वृश्चिक — आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

धनु — आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

मकर — आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

कुंभ — आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

मीन — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे, लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	जान से प्यारा	सुबह : 11.21	
	चाइना गेट	रात : 07.20	
&pictures	आई	सुबह : 10.45	
	लव हास्टल	रात : 08.00	
SONY PIX	टार्जन	सुबह : 10.57	
	जॉन रैंबो	रात : 09.00	
ZEE CINEMA	चेन्नई वर्सेज चाइना	सुबह : 08.53	
	रावणासुर	रात : 08.00	
colors CINEPLEX	बेमिसाल	सुबह : 11.35	
	तनु वेड्स मनु	शाम : 05.58	

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।

नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोप में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक शादीशुदा महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में 32 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह अपराध 2020 से जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा इलाके में हुआ था। आरोपी ने 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती की और उसे शादी का झांसा देकर सानपाड़ा के फ्लैट में उससे कई मौकों पर कथित दुष्कर्म किया। दोनों ही मुंबई पुलिस में हैं। आरोपी ने पीड़िता से समय-समय पर 19 लाख रुपये भी लिए, लेकिन उसने केवल 14.6 लाख रुपये ही लौटाए। आरोपी ने महिला का पीछा भी किया। साथ ही पीड़िता को अपने पति को छोड़ने के लिए भी कहा और ऐसा न करने पर उसे मारने की धमकी दी। महिला द्वारा मुंबई के पंत नगर पुलिस थाने में दी गई शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी।

तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

- बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी का शव बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान मारे गए एक आंतकवादी का रविवार को शव बरामद किया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किए गए घुसपैठ-रोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद उरी सेक्टर के गोहल्लान इलाके में घुसपैठ-रोधी अभियान शुरू किया था।

आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

चंडीगढ़। पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आईपीएस की पत्नी की कंपनी को 46 लाख रिश्वत दी : सोमैया

मुंबई, एजेंसी

भाजपा के नेता किरीट सोमैया ने रविवार को आरोप लगाया कि विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे ने तत्कालीन राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त की पत्नी की कंपनी को 46 लाख रुपये की घूस दी थी, जिन्होंने वह होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी जो पिछले महीने यहां गिर गया था।

सोमैया ने एक्स पर पोस्ट कर यह दावा किया कि इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (जहां भिंडे निदेशक था) ने मुंबई के घाटकोपर और दादर इलाकों में दो दर्जन अवैध होर्डिंग लगाने के लिए विभिन्न रेलवे पुलिस और बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों को पांच करोड़ की रिश्वत दी गई थे। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर उनसे तत्कालीन राजकीय पुलिस आयुक्त कैसर खालिद को घाटकोपर होर्डिंग घोटाले के लिए निलंबित करने का अनुरोध किया। पुलिस के अनुसार, मुंबई के घाटकोपर इलाके में आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान 13 मई को एक विशाल होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी और 70 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए।

होर्डिंग हादसा

- बोले- होर्डिंग के लिए रेलवे पुलिस और बीएमसी के अधिकारियों को 5 करोड़ की दी गई रिश्वत

वरिष्ठ अधिकारी ने पहले बताया था कि जिस जमीन पर होर्डिंग था उसका कब्जा राजकीय रेलवे पुलिस के पास है और तत्कालीन जीआरपी आयुक्त ने एम/एस इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को 10 साल के लिए पेट्रोल पम्प के पास होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। होर्डिंग मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित है।

सोमैया ने एक्स पर दावा किया कि घाटकोपर होर्डिंग त्रासदी। एसआईटी ने 46 लाख की घूस के सबूत और बैंक की प्रविष्टियां हासिल की। भावेश ने अरशद खान के जरिए कैसर खालिद (रेलवे पुलिस आयुक्त) को 46 लाख दिए थे। अरशद ने यह रुपये महापात्रा गार्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में जमा कराए। महापात्रा गार्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 20 जून 2022 को खालिद की पत्नी सुमन कैसर खालिद और अरशद ने की थी। उन्होंने बताया कि घाटकोपर होर्डिंग हादसे के सिलसिले में अबतक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गोहत्या मामला: मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

मुरैना (मध्यप्रदेश)। मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

- एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस

बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

नई दिल्ली। आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

इंदौर (मध्यप्रदेश)। उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

कारोबार/कृषि

इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।

रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।

राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

- तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज
- बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था

जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

नई दिल्ली। जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

- 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार

एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

कोलकाता। देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

- 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं
- मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है

10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी के एक और नेता

लंदन, एजेंसी

● ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक बार फिर आलोचना का सामना करना पड़ा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

प्रकृति



कोलकाता में गंगा नदी के तट से डूबते सूरज का मनोरम दृश्य। ● एजेंसी

यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें

● द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद

कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

एक नजर

अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

ओहायो। अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

यूक्रेन ने रूस में 30 से अधिक ड्रोन भेजे

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस की बमबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ ही घंटों बाद शनिवार रात रूस के पश्चिमी क्षेत्रों में 30 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार बमों में से एक शनिवार दोपहर पांच मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 41 घायलों का इलाज जारी है।

केन्या में कर वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन, दो की मौत

नैरोबी। केन्या में कर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। सिटीजन डिजिटल समाचार पोर्टल ने रविवार को यह जानकारी दी। स्टार अखबार ने बताया कि केन्या में एक मसौदा बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। स्टार ने बताया कि केन्या की राजधानी नैरोबी में कर वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसके कारण पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।

मध्य चीन काउंटी में भूस्खलन, 8 लापता

चांगशा। मध्य चीन के हुनान प्रांत में रविवार तड़के भूस्खलन के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूस्खलन हुआइहुआ शहर के शिन्हुआंग डोंग स्वायत्त काउंटी के डौक्सी गांव में हुआ और इसकी सूचना रविवार सुबह करीब 4 बजे काउंटी के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को दी गई। इससे चार मकान ढह गए। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सभी लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और बचाव कार्य जारी है।

शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल,

● 3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन

एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वर्तमान में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन में 8 देश कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान जैसे 8 देश सदस्य हैं। वहीं, अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

2 साल बाद पुतिन से मिलने का मौका था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 साल से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से नहीं मिल पाए हैं। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान में हुए सम्मेलन में ही हुई थी। 2023 में सम्मेलन भारत में होना था। तब भी सरकार ने शेड्यूल का हवाला देकर इसे ऑनलाइन करने का फैसला किया। वहीं भारत ने एससीओ मंच का इस्तेमाल सदस्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन को बार-बार ये याद दिलाने के लिए किया है कि ग्रुप का एक मूल उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। साथ ही यह भी कि सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें।

लाल सागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में यह नवीनतम हमला है। यह हमला ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर को बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

नेतन्याहू ने हथियारों की आपूर्ति में कमी आने की बात दोहराई

तेल अवीव, एजेंसी

● अमेरिका ने नेतन्याहू के दावों को कुछ दिन पहले नकार दिया था

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने दावे को दोहराते हुए मंत्रिमंडल को बताया कि गाजा में इजराइल के अभियान के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति में नाटकीय गिरावट आई है। नेतन्याहू ने कुछ दिन पहले भी यही दावा किया था जिससे अमेरिका ने नकार दिया था।

नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल को बताया कि हथियारों की आपूर्ति चार महीने पहले हुई थी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस हथियार की आपूर्ति की गई थी। उन्होंने केवल इतना कहा कि कुछ सामग्री छिटपुट रूप से पहुंचीं, लेकिन अधिकांश हथियार वहीं रह गए। नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों से आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कई सप्ताह तक अनुरोध के बाद पिछले सप्ताह उन्हें एक वीडियो जारी करना पड़ा।

श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

● श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पीटीआई का पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन

● आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने के आरोप लगे थे

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने रविवार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल रहने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई और पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में बताया गया है कि खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) के अन्य सदस्यों के साथ राजधानी इस्लामाबाद में संसद से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के कार्यालय तक एक रैली निकाली। नेता प्रतिपक्ष और पीटीआई के नेता उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजा और निर्वाचन आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने के आरोप लगे थे। इस दौरान पार्टी के संस्थापक और क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान की रिहाई के लिए नारे भी लगाए गए।

पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 लोग गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया। इस्माइल पंजाब प्रांत के सियालकोट का रहने वाला था। भीड़ ने मदयान पुलिस थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। इस्माइल पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी और 11 स्थानीय लोग घायल हो गए थे।

गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

● विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।

विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।

बॉलीवुड हलचल

पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।

एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य विमान देखे

ताइपे, एजेंसी

चीन की दादागिरी

● आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे

ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ताइवान के आसपास रविवार सुबह छह बजे तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (अपनी स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन युद्ध शुरू नहीं करेंगे : फिलीपींस

मनीला, एजेंसी

● फिलीपींस की सेना ने चीनी सैनिकों के हमला करने के वीडियो सार्वजनिक किए थे

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी। इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है।